दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 190 | सीकर, बुधवार 09 सितम्बर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## 4 राज्यों में उपचुनाव की तारीखों का ऐलान




### बंगाल की 2 विधानसभा और असम की एक लोकसभा सीट शामिल

नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की विधानसभा सीटों और असम की एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इन सीटों पर 6 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे और 9 अक्टूबर को नतीजे आएंगे।

कमीशन के मुताबिक, चुनाव की औपचारिक गजट अधिसूचना 9 सितंबर 2026 को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है। वोटिंग 6 अक्टूबर को होगी। नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। पूरी प्रक्रिया 11 अक्टूबर 2026 से पहले पूरी कर ली जाएगी। चुनाव से जुड़े जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है।

#### इन सीटों पर होंगे उपचुनाव

**तमिलनाडु में 2 सीटः** मदुरांतकम और धारापुरम- ये दोनों विधानसभा सीटें मरागथम कुमारवेल और पी. सत्यबामा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। दोनों सीटों की फाइनल वोटर लिस्ट 23 फरवरी को जारी की गई।

**पुडुचेरी की थट्टानचावड़ी सीटः** यह सीट एन. रंगासामी के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। सीट की मतदाता सूची 14 फरवरी को पब्लिश हुई।

**पश्चिम बंगाल की रेजीनगर-नंदीग्राम सीटः** रेजीनगर सीट हुमायूं कबीर और नंदीग्राम सीट शुभेंदु अधिकारी के इस्तीफे के बाद खाली हुई। इन सीटों की अंतिम वोटर लिस्ट 28 फरवरी को जारी की गई।

**असम की नगांव लोकसभा सीटः** असम की नागांव लोकसभा प्रद्युत बोरदोलोई के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। इस सीट की अंतिम मतदाता सूची 10 फरवरी को जारी की गई थी।

#### बशीरहाट और शिलॉन्ग के चुनाव अभी नहीं

शिलॉन्ग (मेघालय) और बशीरहाट (पश्चिम बंगाल) लोकसभा सीटों की तारीख घोषित नहीं हुई है। इस साल फरवरी में वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी (वीपीपी) के सांसद रिकी एंड्रयू जे. सिंगकान के निधन के बाद शिलॉन्ग सीट रिक्त हो गई थी। वहीं, सितंबर 2024 में तृणमूल कांग्रेस के सांसद हाजी शेख नूरुल इस्लाम के निधन के बाद से बशीरहाट सीट खाली है।

#### सभी पोलिंग बूथों पर ईवीएम, वीवीपीएटी का इस्तेमाल होगा


चुनाव आयोग ने कहा कि नॉमिनेशन दाखिल करने की आखिरी तारीख तक वोटर लिस्ट को लगातार अपडेट किया जाएगा, बशर्ते नॉमिनेशन की समयसीमा से 10 दिन पहले तक आवेदन मिल जाएं। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर ईवीएम और वीवीपीएटी का इस्तेमाल किया जाएगा। ईपीसी कार्ड मुख्य पहचान दस्तावेज बना रहेगा। हालांकि वोटर आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और चुनाव आयोग द्वारा बताए गए अन्य दस्तावेजों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सैटेलाइट तस्वीरों में देश से 90% बादल गायब

### बिहार में बाढ़ से 27 लाख लोग प्रभावित

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग की नई सैटेलाइट तस्वीरों में भारत के 90% हिस्से में बादल गायब नजर आ रहे है। खासकर उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में बादलों की कमी ज्यादा दिखाई दे रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, यह मानसून की गतिविधि कमजोर होने का संकेत है। हालांकि, मानसून की आधिकारिक वापसी अभी शुरू नहीं हुई है। बादलों की इस कमी को अल नीनो के प्रभाव यानी समुद्र के गर्म होने से मौसम में हो रहे बड़े बदलावों से जोड़कर देखा जा रहा है। बिहार में गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और बागमती नदियों के उफान से बाढ़ की स्थिति बन गई है। राज्य के 13 जिलों में 27 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण अब तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

नवयत्न | कोबरी पोस्ट




# 162 नगरीय निकायों में वोटिंग आज

## सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

जयपुर।

राजस्थान के 162 नगरीय निकायों (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका) में पहले चरण में बुधवार को मतदान होगा। सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी। मतदान केंद्रों की कंट्रोलिंग लेने के लिए मंगलवार को ईवीएम के साथ पोलिंग पार्टियां रवाना हो गईं।

पहले चरण में जिन नगरीय निकायों में वोटिंग है, उनमें 17 नगर पालिका के 25, चार नगर परिषद के 6 और एक नगर निगम के 1 वार्ड में निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। जयपुर जिले की बात करें तो यहां 18 निकायों में 565 बूथों पर वोटिंग होगी।

#### इन नगर परिषद में होगा मतदान

चौमूं, शाहपुरा, बाड़मेर, जैसलमेर, तिजारा, खैरथल, भिवाड़ी, करौली, कुचामनसिटी, डीडवाना, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, झालावाड़, बूंदी, बारां, जालोर, झुंझुनूं, फतेहपुर (सीकर), सवाई माधोपुर, धौलपुर, सुजानगढ़, चूरू, कोटपूतली, ब्यावर, नागौर।

**बारिश नहीं डालेगी बाधा**-12 सितंबर तक प्रदेश में मानसून कमजोर है, इसलिए बारिश की चेतावनी नहीं है। वोटिंग में इस बार बारिश बाधा नहीं बनेगी।



# एक वोट, पांच साल...

## नौ निकायों में आज मतदान, मतदाता चुनेंगे वार्ड की आवाज

अशोक राईका

**झुंझुनूं (नवयत्न)**। बुधवार को जिले के नगर परिषद झुंझुनूं, नगर पालिका बगड़, सुलताना, नवलगढ़, जाखल, मुकुंदगढ़, डूंडलोद, खेतड़ी और उदयपुरवाटी में पार्षद पद के लिए मतदान होगा। चुनाव प्रचार थम चुका है और अब बारी मतदाताओं की है।

ईवीएम का एक बटन दबाकर मतदाता अगले पांच साल के लिए अपने वार्ड का प्रतिनिधि चुनेंगे। मतदान भले ही कुछ मिनट का होगा, लेकिन उसका असर पूरे पांच साल रहेगा। नगर पालिका में पार्षद वार्ड की समस्याओं और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क सहित रोजमर्रा की सुविधाओं से जुड़े मुद्दे नगर पालिका, परिषद तक पहुंचाने में पार्षद की भूमिका अहम होती है। ऐसे में मतदाता के सामने सिर्फ उम्मीदवार चुनने का नहीं, बल्कि अगले पांच साल अपने वार्ड की आवाज चुनने का मौका है।

#### वोट डालने से पहले एक सवाल

जिस उम्मीदवार को वोट देने जा रहे हैं, क्या वह आपके वार्ड की समस्याओं को समझता है? क्या वह जरूरत के समय आपके बीच उपलब्ध रहेगा? क्या वह नगर पालिका में आपकी आवाज मजबूती से उठा सकेगा? इन सवालों के जवाब सोचकर ही मतदान करें।

#### रिश्ते से बड़ा वार्ड का हित

चुनाव में व्यक्तिगत रिश्ते, पहचान और दूसरे समीकरण प्रभाव डाल सकते हैं। लेकिन मतदान का फैसला करते समय सबसे ऊपर वार्ड का हित और विकास होना चाहिए। पांच साल के लिए चुना गया प्रतिनिधि पूरे वार्ड का प्रतिनिधित्व करेगा।

#### लालच और दबाव में नहीं

मतदाता किसी भी तरह के दबाव, प्रलोभन या बहकावे में आए बिना अपने विवेक से मतदान करें। आपका वोट आपका अधिकार है और इसे अपनी पसंद के योग्य उम्मीदवार को देना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है।

#### एक वोट भी निर्णायक

चुनाव में जीत-हार का अंतर कई बार कुछ ही वोटों का होता है। इसलिए यह सोचकर मतदान से दूर न रहें कि मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा। आपका वोट ही अंतिम परिणाम में फर्क पैदा कर सकता है।

#### पांच साल याद रखें

आज जिस उम्मीदवार को वोट मिलेगा, वह अगले पांच साल वार्ड का प्रतिनिधि रहेगा। इसलिए मतदान करते समय केवल आज का चुनाव नहीं, अगले पांच साल का भविष्य सामने रखें।




#### मतदाता संदेश

- घर से निकलें। मतदान केंद्र तक पहुंचें। वोट जरूर डालें।
- किसी दबाव या लालच में नहीं, अपने विवेक से वोट दें।
- आपका एक वोट-आपके वार्ड के अगले पांच साल।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ब्रिक्स समिट के लिए भारत आएंगे



नई दिल्ली/मॉस्को।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। नई दिल्ली में 12 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं की बैठक से पहले 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच द्विपक्षीय मुलाकात होगी। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मोदी और पुतिन की मुलाकात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूस भारत को अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के रिश्ते उसके लिए बेहद अहम हैं। पेस्कोव के मुताबिक, मोदी और पुतिन की बातचीत में व्यापार, आर्थिक सहयोग, परिवहन और दोनों देशों के बीच कारोबार बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल होंगे। दोनों देश अपनी कंपनियों के लिए नए कारोबारी मौके तलाशने पर भी चर्चा कर सकते हैं।

#### रूस-यूक्रेन युद्ध और खाड़ी संकट पर भी चर्चा

मोदी और पुतिन की बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध भी चर्चा का अहम मुद्दा हो सकता है। दोनों नेता युद्ध की मौजूदा स्थिति और उसके वैश्विक असर पर बातचीत कर सकते हैं। इसके अलावा फारस की खाड़ी में जारी तनाव पर भी चर्चा की संभावना है। रूस के मुताबिक, खाड़ी में हो रही घटनाओं का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसे में दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय तनाव और उसके आर्थिक प्रभावों पर भी बात हो सकती है। बैठक में रक्षा सहयोग भी अहम मुद्दा रहेगा। रूस भारत को अपना सू-57 लड़ाकू विमान बेचने पर चर्चा करेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि भारत को सू-57 देने का मुद्दा रूस के एजेंडे में शामिल है।

## वडोदरा में पीएम मोदी बोले- विकसित भारत के लिए तेज कनेक्टिविटी और मैन्युफैक्चरिंग जरूरी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के वडोदरा में 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश में आधुनिक कनेक्टिविटी, मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा क्षमता और कुशल युवाशक्ति का विस्तार जरूरी है। उन्होंने कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की 2,800 किलोमीटर से अधिक लंबी परियोजना का पूरा होना 21वीं सदी के भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने वडोदरा में स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए लोगों से शहर को आगे भी स्वच्छ रखने का संकल्प लेने की अपील की।

#### 2,800 किलोमीटर का फ्रेट कॉरिडोर पूरा

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए गतिशक्ति बेहद महत्वपूर्ण है। वडोदरा में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की आखिरी कड़ियां जुड़ने के साथ 2,800 किलोमीटर से अधिक लंबे कॉरिडोर का काम पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि यह 21वीं सदी के भारत के लिए एक ऐतिहासिक कार्य है।

**रोज चल रही हैं 430 से अधिक मालगाड़ियां**- पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर अब देश के व्यापार और कारोबार का महत्वपूर्ण आधार बन रहे हैं। दोनों कॉरिडोर पर रोजाना 430 से अधिक मालगाड़ियां चल रही हैं। पहले मालगाड़ी को 100 किलोमीटर की दूरी तय करने में करीब साढ़े छह घंटे लगते थे, जबकि अब यह दूरी आधे से भी कम समय में तय हो रही है।




#### 2014 से पहले फाइलों में अटका था प्रोजेक्ट

पीएम ने कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर 2004 में विचार शुरू हुआ था और 2006 में इसके लिए विशेष कंपनी बनाई गई थी, लेकिन 2014 तक काम की गति बेहद धीमी रही। उन्होंने कहा कि सात-आठ साल में एक किलोमीटर फ्रेट कॉरिडोर का काम भी पूरा नहीं हो पाया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद सरकार ने इस परियोजना को गति दी और आज 2,800 किलोमीटर से अधिक का कॉरिडोर पूरा करके दिखाया गया है।

#### किसानों की उपज को बड़े बाजारों तक पहुंचने में मदद

पीएम ने कहा कि फ्रेट कॉरिडोर से पूर्वी और पश्चिमी भारत के किसानों की उपज तेजी से बड़े बाजारों तक पहुंच रही है। फूल, सब्जियां और फल जैसी जल्दी खराब होने वाली कृषि उपज को कम समय में मंडियों और उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का रास्ता तैयार हुआ है। इससे किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है।

#### डबल स्टैक कंटेनर से 250 ट्रकों के बराबर माल

प्रधानमंत्री ने मुंबई के जेएनपीटी पोर्ट से वडोदरा तक डबल स्टैक कंटेनर मालगाड़ी के संचालन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक मालगाड़ी में ऊपर-नीचे कंटेनर लगाकर एक बार में 250 से अधिक ट्रकों के बराबर माल मुंबई से वडोदरा पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि इससे बड़े पैमाने पर सामान तेजी से देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक पहुंचाने की क्षमता बढ़ेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि फ्रेट कॉरिडोर के साथ देश के उन इलाकों तक भी रेल संपर्क पहुंच रहा है, जहां दशकों तक रेल नहीं पहुंची थी। गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों को भी रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज एक के बाद एक नई ट्रेनें शुरू हो रही हैं।

## मदन राठौड़ बोले-कार्यकर्ता के लिए सीएम मेहनत क्यों नहीं करेंगे

### गहलोत ने बीजेपी के रोड शो पर उठाया था सवाल; राज्यवर्द्धन बोले-सड़कों पर गड्ढे कांग्रेस की देन

जयपुर।

निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। सीएम भजनलाल शर्मा के साथ-साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और कैबिनेट मंत्री भी प्रचार में उतर चुके हैं। सीएम और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के रोड शो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाल उठाए थे। अब उसका जवाब देते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज उस कार्यकर्ता का चुनाव हैं, जो हमारे लिए खून पसीना को बहाता है। मुख्यमंत्री और हम उसके लिए मेहनत क्यों नहीं करेंगे। कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं की अवहेलना की हैं। उससे कांग्रेस की आज यह हालत हुई है, यह उनको समझ लेना चाहिए।



#### अब हमें कार्यकर्ता के लिए खून-पसीना बहाना है

कांग्रेस के छोटे चुनाव में बड़े नेताओं को उतारने के सवाल पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यह छोटा चुनाव मेरे कार्यकर्ताओं का चुनाव है। आज मेरा कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है। हमें उसके लिए खून पसीना बहाना है। हम कार्यकर्ता को समर्पित पार्टी है और यही अंतर कांग्रेस और बीजेपी में है। राठौड़ ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस को यह देखकर आश्चर्य होगा कि हमें 309 निकायों में बहुमत मिलेगा।

#### सड़कों पर जो गड्ढे, वे कांग्रेस की देन है

झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, जलभराव और मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोगों में नाराजगी के सवाल पर मंत्री और स्थानीय विधायक राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जलभराव को लेकर लोगों में नाराजगी हो सकती है लेकिन इसकी जिम्मेदार पिछली कांग्रेस सरकार है। उन्होंने कभी यहां ड्रेनेज सिस्टम नहीं बनाया। अब हम ड्रेनेज सिस्टम लेकर आए हैं। सीमेंट की सड़कें बना रहे हैं ताकि बरसात में टूटे नहीं और लंबी चले। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि पहले बाइपास के बाहर के जयपुर को किसी ने नहीं संभाला। अब हम संभाल रहे हैं।

# राधाष्टमी पर भक्ति के रंग में रंगेगा गोविंददेवजी मंदिर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मंदिर श्री गोविंद देव जी महाराज में श्री राधाष्टमी महोत्सव इस बार 19 सितंबर को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के तहत 14 से 18 सितंबर तक मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इन दिनों सुबह और शाम प्रसिद्ध भजन मंडलियों की ओर से हरिनाम संकीर्तन और भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 18 सितंबर को प्रात: से सायंकाल तक अष्ट प्रहर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन होगा।

### पांच दिन भजनों से गूंजेगा मंदिर परिसर

गोविंद देवजी मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी के अनुसार 14 सितंबर को सायंकाल गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल की ओर से भजन-कीर्तन होगा। 15 सितंबर को प्रात: बरसाना वाले सौरभ शर्मा तथा सायंकाल श्री राधा गोविन्द सखी परिवार की ओर से गायन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 16 सितंबर को प्रात: श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से तथा सायंकाल एसएमएस ब्लड बैंक परिवार की ओर से भजन-कीर्तन होगा। 17 सितंबर को प्रात: श्री सरस प्रभात मंडल और सायंकाल श्री श्याम अनमोल सेवा रत्न परिवार ट्रस्ट की ओर से संकीर्तन किया जाएगा। 18 सितंबर को पूरे दिन अष्ट प्रहर हरिनाम संकीर्तन होगा। इन दिनों राजभोग की झांकी प्रात: 10:45 से 11:15 बजे तक रहेगी।

### 19 सितंबर को पंचामृत से महाभिषेक

राधाष्टमी के मुख्य पर्व 19 सितंबर को ठाकुर जी एवं श्री राधा रानी का पंचामृत से महाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद बधाई उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर में विशेष झांकियों के दर्शन होंगे। मंगला झांकी प्रात: 4 से 4:15 बजे, अभिषेक 4:45 से 5 बजे, धूप झांकी 7.45 से 9 बजे तथा श्रृंगार एवं बधाई उत्सव की झांकी 9:30 से 10:15 बजे तक होगी। राजभोग झांकी 11 से 11:30 बजे तक रहेगी। सायंकाल ग्वाल झांकी 5 से 5:15 बजे, संध्या झांकी 5:45 से 6:45 बजे और उत्सव दर्शन रात्रि 7 से 8:30 बजे तक होंगे। शयन झांकी रात्रि 9 से 9:15 बजे तक रहेगी।

### भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए गाइडलाइन

महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हृदय रोगए डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और सांस संबंधी तकलीफ से पीड़ित मरीजों सहित गंभीर बीमारियों से ग्रसित श्रद्धालुओं को भीड़ में आने से बचने की सलाह दी गई है। श्रद्धालुओं से कीमती सामान, बैग, थैला, लेडीज पर्स और महंगे आभूषण लेकर मंदिर नहीं आने को कहा गया है। साथ ही पर्याप्त पानी पीने के लिए पानी की बोतल साथ रखने की सलाह दी गई है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है, कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा लावारिस वस्तु दिखाई देने पर तत्काल मंदिर प्रशासन या पुलिस को इसकी सूचना दें। राधाष्टमी महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों के साथ सुरक्षा एवं सुव्यवस्था पर भी विशेष जोर रहेगा।

# मरूदेश संस्थान ने किया पांच शिक्षकों का सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के संदर्भ में पांच सेवानिवृत्त शिक्षकों का विश्व साक्षरता दिवस पर सम्मान किया गया। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि दी यंग्स क्लब सभागार परिसर में हुए कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य लादूराम झूरिया, शारीरिक शिक्षिका प्रकाशदेवी चैधरी, वरिष्ठ शिक्षिका कौशल्या गुलेरिया, संस्कृत के वरिष्ठ व्याख्याता पूनमचंद सारस्वत, शिक्षक परमानंद मिश्रा का अभिनंदन पत्र, दुपट्टा, साहित्य, मीठाई और पुष्पों द्वारा अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी गिरधर शर्मा ने कीए जबकि मुख्य अतिथि ओमप्रकाश तूनवाल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पीसीबी स्कूल के प्राचार्य रणवीर सिंह महरिया व अशोक कुमार शर्मा उपस्थित रहे। संयोजक सुमनेश शर्मा ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। संचालन संस्था के निदेशक मंडल सदस्य रतन सैन ने किया। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि शिक्षकों को सम्मान देना समाज का कर्तव्य है।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने होटल में की आत्महत्या

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाली नगर थाना इलाके में सिरसी रोड स्थित एक होटल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 22 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर अपनी मौत से संबंधित पोस्ट डाली थी। पोस्ट देखने के बाद उसके चचेरे भाई ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल बंद मिलने पर परिचितों के साथ होटल पहुंचकर उसकी तलाश की। एएसआई मुकेश ने बताया कि मृतक की पहचान जयपुर ग्रामीण के नारायणा निवासी राकेश 22 के रूप में हुई है। राकेश जयपुर में पीजी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार राकेश सिरसी रोड स्थित होटल गर्वित में पहुंचा और कमरा लिया था। उसने होटल प्रबंधन को दोस्तों के मिलने आने की बात बताई थी। इसी दौरान उसके चचेरे भाई मंगल चंद को राकेश की ओर से सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट की जानकारी मिली। पोस्ट में राकेश ने अपनी जिंदगी को लेकर निराशा जाहिर की थी और होटल का नाम-पता भी बताया था। पोस्ट देखने के बाद मंगल चंद ने राकेश को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। कई बार संपर्क करने के प्रयास के बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। इसके बाद मंगल चंद दो-तीन परिचितों के साथ होटल पहुंचा। होटल प्रशासन से कमरे की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कमरे के बाहर से आवाज लगाई और दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा खोलकर देखा गया तो राकेश अचेत अवस्था में मिला। सूचना पर वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गणपति के जयकारों से गूंज उठी छोटी काशी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी जयपुर में मंगलवार को भौम पुष्य नक्षत्र के अवसर पर प्रथम पूज्य भगवान गणेश के प्राचीन मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए। मोती डूंगरी गणेश मंदिर, ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित दाहिनी सूंड वाले नहर के गणेश जी मंदिर, चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर सहित शहर के विभिन्न गणेश मंदिरों में भगवान गणपति का अभिषेक, पूजन और विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिरों में मोदकों का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि तथा विघ्नों के निवारण की कामना की।

### मोती डूंगरी में 251 किलो दूध से अभिषेक

महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणपति का पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। इसमें 251 किलो दूध, 50 किलो दही, 25 किलो बूरा, 11 किलो शहद और 11 किलो घी के साथ गुलाब जल, केवड़ा जल और इत्र का उपयोग किया गया। अभिषेक के बाद भगवान को चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक और नया मुकुट धारण कराया गया। इसके बाद 1008 मोदकों का भोग लगाया गया। मंदिर में विशेष पूजन के बाद नई ध्वजा भी चढ़ाई गई। महंत कैलाश शर्मा के अनुसार मंदिर परिवार की ओर से मुख्य ध्वजा चढ़ाने की परंपरा हैए जबकि 11 अन्य ध्वजाएं श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाई जाती हैं। मुख्य ध्वजा करीब 27 दिन में बदली जाती है, जबकि श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाई जाने वाली अन्य ध्वजाएं समय-समय पर बदली जाती हैं। शाम से मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हुआ। भगवान गणेश को ध्रुपद गायन प्रिय माना जाता है, इसी मान्यता के तहत ध्रुपद गायन की प्रस्तुति दी गई। भगवान को छप्पन भोग भी अर्पित किया गया।

### 13 से 15 सितंबर तक गणेश जन्मोत्सव

नहर के गणेशजी मंदिर में 13 से 15 सितंबर तक त्रिदिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव मनाया जाएगा। गणपति को गोटा-पन्नियों से श्रृंगारित कर राजशाही पोशाक, स्वर्ण मंडित मुकुट और आभूषण धारण करवाए जाएंगे। 13 सितंबर को सिंजारा महोत्सव के तहत शाम 5 बजे विशेष लहरिया पोशाक और साफा धारण कर आरती दर्शन होंगे। असंख्य मोदकों की झांकी सजाई जाएगी और मेहंदी पूजन होगा। श्रद्धालुओं को सिंदूर और मेहंदी वितरित की जाएगी। 14 सितंबर को भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के अवसर पर गणेश जन्मोत्सव के विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

### परकोटा गणेश मंदिर में 21 हजार लड्डुओं की झांकी

चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में भी गणेश जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महंत अमित शर्मा के सानिध्य में मंदिर को विशेष लाइटिंग, फूलों की बंदरवाल और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। पुष्य नक्षत्र से गणेश चतुर्थी तक धार्मिक अनुष्ठान और भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिर महंत अमित शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर भगवान गणेश का विशेष पूजन और पंचामृत अभिषेक कर महोत्सव की शुरुआत की गई। इस दौरान हवन, 108 गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ और शाम को दीपदान हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। 12 सितंबर को मंदिर में 21 हजार लड्डुओं की भव्य झांकी सजाई जाएगी। इसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। 13 सितंबर को 111 किलो मेहंदी वितरण और सिंजारा उत्सव होगा। महंत परिवार की ओर से प्रथम पूज्य गणेश को मेहंदी अर्पित की जाएगी। इसके बाद महिला मंडल की ओर से बधाई गान होगा और श्रद्धालुओं को मेहंदी वितरित की जाएगी। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश को छप्पन भोग अर्पित कर भव्य झांकी सजाई जाएगी। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन भी होंगे।



### नहर के गणेशजी मंदिर में 101 अथर्वशीर्ष पाठ

ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित श्री नहर के गणेशजी मंदिर में भौम-पुष्य के अवसर पर दिनभर धार्मिक अनुष्ठान हुए। महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में सुबह 8 बजे से श्री गणपति अथर्वशीर्ष के 101 पाठ किए गए। इसके बाद भगवान गणपति का दूर्वा मार्जन से अभिषेक और पूजन किया गया तथा ऋग्वेदोक्त गणपति मात्रिका के पाठ हुए। भगवान को नवीन पोशाक धारण कराकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 21 मोदकों का भोग लगाया गया और शयन करवाया गया। शाम को 251 दीपकों से गणपति जी की महाआरती की गई। मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि दायक एवं विघ्ननिवारक रक्षा सूत्र और पुष्प आशीष प्रदान किए गए। पं. जय शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पड़ने वाला पुष्य नक्षत्र भौम-पुष्य कहलाता है। शास्त्रों में इसे तंत्र-मंत्र की सिद्धि, ऋण मुक्ति और संपत्ति संबंधी कार्यों के लिए विशेष एवं दुर्लभ संयोग माना गया है। गणेश चतुर्थी से पहले भाद्रपद कृष्ण पक्ष में इस संयोग का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व और बढ़ जाता है।

### अन्य गणेश मंदिरों में भी विशेष पूजा

इसके अलावा जयपुर स्थापना से पूर्व के प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सानिध्य में पुरुषाकृति बाल गणेश का पंचामृत अभिषेक किया गया। अथर्वशीर्ष मंत्रोच्चार के साथ मोदकों का भोग लगाया गया। वहीं पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जयपुर के प्राचीन श्वेत सिद्धि विनायक मंदिर, ध्वजा धीश मंदिर, गलता गेट स्थित गीता गायत्री गणेश मंदिर, दिल्ली रोड स्थित आत्माराम गणेश ब्रह्मचारी मंदिर, आगरा रोड स्थित गंगोत्री गणेश मंदिर सहित अन्य गणेश मंदिरों में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। भगवान गणेश का अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई और मोदकों का भोग लगाया गया।

मंदिरों में दिनभर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही रही और गणपति के जयकारों से धार्मिक वातावरण बना रहा। पुष्य नक्षत्र के साथ ही जयपुर के गणेश मंदिरों में गणेश चतुर्थी के लिए धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया है। आगामी दिनों में विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन, हवन, अथर्वशीर्ष पाठ, मोदक झांकियां, सिंजारा उत्सव और छप्पन भोग सहित कई आयोजन होंगे।

# आमेर में चाकूबाजी में घायल टूरिस्ट गाइड मनीष कुमार सोनी की मौत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर महल में टूरिस्ट को ले जाने को लेकर सोमवार को जीप चालक और टूरिस्ट गाइड के बीच हुए विवाद में चाकू से घायल गाइड मनीष कुमार सोनी 40 की मंगलवार सुबह सवाई मानसिंह अस्पताल के आईसीयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर फैलते ही आमेर में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों और टूरिस्ट गाइडों ने विरोध में बाजार और दुकानें बंद कर दीं तथा सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। इससे यातायात भी प्रभावित रहा। एसीपी आमेर ट्रेनिंग आईपीएस प्रतीक सिंह के अनुसार मनीष सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे आमेर मावठे पर पहुंचा था। इसी दौरान निजी कार से आए पर्यटकों ने आमेर महल जाने का रास्ता पूछा।

वहां जीप लेकर खड़े चालक आजम ने पर्यटकों से कहा कि निजी कार महल तक नहीं जा सकती और जीप से जाना होगा। मनीष ने पर्यटकों को रास्ता समझाया, जिसके बाद वे अपनी कार से महल की ओर रवाना हो गए। इसी बात को लेकर आजम और मनीष के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर जीप चालक आजम ने चाकू निकालकर मनीष के पेट में वार कर दिया। गंभीर घायल मनीष को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार सुबह करीब 7 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी आजम खान को घटना के बाद ही हिरासत में ले लिया था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ आमेर थाने में पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। इधर चाकूबाजी की घटना के बाद सोमवार को बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और टूरिस्ट गाइड आमेर थाने पहुंचे थे। लोगों ने रास्ता रोककर करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया था। मंगलवार सुबह मनीष की मौत की सूचना मिलते ही लोगों ने स्वतरू आमेर बाजार बंद कर दिया और बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए और परिवार के सदस्य के साथ लोग धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की। मृतक आश्रितों को एक करोड़ रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी की मांग की गई है। इसके साथ ही आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर आमेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर लोगों को शांत कराया। आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। घटना के पीछे की पूरी वजह की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश भी हो सकती है। टूरिस्ट गाइडों ने आमेर में पर्यटकों को लेकर चल रही कुछ अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया है। उन्होंने गाइडों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित समस्याओं की जांच कर समाधान का भरोसा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच और आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

# लोहे की फैक्ट्री में केमिकल ड्रमों ने पकड़ी आग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना इलाके के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित लोहे की फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री में रखे केमिकल ड्रमों ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते भीषण लपटें उठने लगीं। आग लगते ही फैक्ट्री में काम कर रहे करीब 10-12 वर्कर्स बाहर निकल आए और अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

एएफओ झोटवाड़ा सुरेश कुमार ने बताया कि झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में माखन लाल गुप्ता की एनएल कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम से लोहे की फैक्ट्री है। यहां बॉयलर में लोहे को हीट कर ढलाई का काम किया जाता है। मंगलवार सुबह करीब 10-12 वर्कर्स बॉयलर में लोहे की ढलाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 8:45 बजे फैक्ट्री में रखे एक केमिकल ड्रम ने अचानक आग पकड़ ली। आग लगते ही आसपास रखे अन्य केमिकल ड्रम भी इसकी चपेट में आ गए।

ड्रमों में आग लगने से तेज लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते फैक्ट्री परिसर में धुआं फैल गया। आग की भयावहता को देखते हुए वहां काम कर रहे कर्मचारी तत्काल बाहर निकल गए। फैक्ट्री में करीब 10 हजार लीटर केमिकल के लगभग 20 ड्रम रखे हुए थे। समय रहते दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे पूरा केमिकल आग की चपेट में आने से बच गया। यदि सभी ड्रमों में आग फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फैक्ट्री में आग की सूचना मिलते ही झोटवाड़ा फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। चार दमकलों की मदद से कर्मचारियों ने करीब सवा घंटे तक मशक्कत की और आग को नियंत्रित किया। आग से फैक्ट्री में लाखों रुपए के नुकसान की बात सामने आ रही है। आग किस कारण से लगी, इसका फिलहाल पता नहीं चल पाया है। दमकल और संबंधित टीम मामले की जांच कर रही है।

# नगर निकाय चुनाव में सुभासपा ने भाजपा को दिया समर्थन, प्रदेश मुख्यालय में सौंपा समर्थन पत्र



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सुभासपा ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा को औपचारिक समर्थन देने की घोषणा की है।

सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राजस्थान प्रभारी सुभाष चन्द्र यादव और प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह राजभर ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार बागड़ी को समर्थन पत्र सौंपा। पार्टी के अनुसार यह निर्णय सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फएवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर तथा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर के निर्देश पर लिया गया है। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राजस्थान प्रभारी सुभाष चन्द्र यादव ने बताया कि सुभासपा भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की सहयोगी पार्टी है। राष्ट्रवाद, सामाजिक न्याय, सुशासन और विकास की विचारधारा के अनुरूप राजस्थान के नगर निकाय चुनाव में भाजपा को समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सुभासपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशियों की सफलता के लिए संगठनात्मक स्तर पर सक्रिय सहयोग करेंगे।

यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के नए आयाम स्थापित होने और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता का समर्थन मिलने का दावा किया। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में राजस्थान के नगर निकायों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान दोनों दलों के नेताओं ने गठबंधन की मजबूती, सामाजिक समरसता और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए आगामी नगर निकाय चुनाव में सफलता का विश्वास व्यक्त किया।

# बछ बारस पर गूंजे मंगल गीत : गाय-बछड़े की पूजा कर महिलाओं ने मांगी संतान की लंबी उम्र

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में मंगलवार को भाद्रपद कृष्ण द्वादशी के अवसर पर गोवत्स द्वादशी यानी बछ बारस का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के गली-मोहल्लों से लेकर विभिन्न गौशालाओं और सार्वजनिक स्थलों तक गाय-बछड़े की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पुत्र की लंबी आयु, संतान की खुशहाली और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर महिलाओं के सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना करने और बछ बारस की कथा सुनने का सिलसिला चला। पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पर्व की परंपरा के अनुसार महिलाओं ने बछड़े वाली गाय का पूजन किया। गाय के खुरों में पानी डालकर उसे चुनरी ओढ़ाई गई और सींगों पर मोली बांधी गई। इसके बाद रोली-तिलक लगाकर गाय-बछड़े की पूजा की गई। महिलाओं ने रातभर भिगो, गए मूंग, मोठ और चने तथा मक्का की रोटी का भोग लगाया और गाय-बछड़े को हरा चाराए दलिया आदि खिलाया। पूजा के बाद गाय और बछड़े की परिक्रमा कर संतान के लिए मंगल कामना की गई। कई महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक गाय की पूंछ अपने सिर से लगाकर आशीर्वाद लिया।



### मिट्टी से बनाई गाय. बाघ की आकृति

शहर के कई घरों और मोहल्लों में महिलाओं ने लकड़ी के पाटे पर गीली मिट्टी से गाय-बछड़ा तथा बाघ-बाघिन की आकृतियां बनाकर उनकी पूजा की। महिलाओं ने विधि-विधान से कथा सुनी और लोक परंपरा के अनुसार पर्व मनाया। महिला मंडलों की ओर से बछ बारस से जुड़े पदों और भजनों का गायन भी किया गया। कई स्थानों पर महिलाएं सामूहिक रूप से एकत्रित हुईं और पूजा के बाद कथा श्रवण किया।

### गेहूं की चपाती और चाकू से कटी सब्जी से परहेज

बछ बारस पर खान-पान को लेकर भी विशेष परंपराओं का पालन किया गया। महिलाओं ने गेहूं की चपाती से परहेज करते हुए मक्का, चना, मूंग और मोठ से बने खाद्य पदार्थों का सेवन किया। कई घरों में मक्का की रोटी बनाई गई। महिलाओं ने गाय के दूध और उससे बनी वस्तुओं का सेवन भी नहीं किया। कुछ परिवारों में भैंस या बकरी के दूध का उपयोग किया गया। पर्व की मान्यता के अनुसार भोजन तैयार करने में भी विशेष सावधानी रखी गई। कई घरों में सब्जियां चाकू से काटे बिना बनाई गईं अथवा ऐसी सब्जियां तैयार की गई, जिन्हें काटने की आवश्यकता नहीं होती। महिलाओं ने चाकू से कटे फलों का भी त्याग किया। अंकुरित अनाज से तैयार पारंपरिक व्यंजन भी भोजन का हिस्सा रहे। व्रत खोलते समय कई महिलाओं ने बाजरे की रोटी और दही का सेवन किया।

### ठाकुर जी का वन उपवन जैसा श्रृंगार

बछ बारस के अवसर पर शहर के कई मंदिरों में भी विशेष सजावट की गई। ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण करवाई गई। मंदिरों के गर्भगृह को वन-उपवन का स्वरूप देने के लिए पेड़-पौधे, पत्तियां और घास से सजाया गया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### गायों को खिलाया हरा चारा

शहर में जगह-जगह लोगों ने सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद गायों को हरा चारा खिलाकर पर्व मनाया। बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु गौशालाओं में पहुंचे और बछड़े वाली गाय का पूजन किया। मान्यता के अनुसार गाय और बछड़े की पूजा करने से परिवार में सुख-शांति और संतान के जीवन में मंगल बना रहता है। शाम को गायों के लौटने से पहले भोजन करने की परंपरा के चलते महिलाओं ने दिनभर व्रत और निर्धारित खान-पान के नियमों का पालन किया। बछ बारस के मौके पर जयपुर में धार्मिक आस्था के साथ राजस्थान की लोक संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली।

# पैदल जा रहे यात्री को ट्रक ने मारी टक्कर, एक घायल एक की मौके पर मौत

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर-रतनगढ़ मार्ग पर भरपालसर पुलिया के पास मंगलवार सुबह करीब 5 बजे सड़क हादसे में रुणिचा पैदल जा रहे एक यात्री की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब एक ट्रक ने पैदल जा रहे यात्री को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी, कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। व एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नेठवा निवासी करीब 50 वर्षीय गुमान सिंह पुत्र भगवाना राम जाट रुणिचा पैदल जा रहे थे।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का मौका, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

### 8 सितंबर से 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन, पात्र अभ्यर्थियों को मिलेगी कोचिंग की सुविधा

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। पात्र अभ्यर्थी 7 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक अरविंद ओला ने बताया कि योजना के तहत सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। योजना का उद्देश्य पात्र अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना है।

**ऐसे करें आवेदन:** अभ्यर्थी नजदीकी ई-मित्र केंद्र के माध्यम से अपनी एसएसओ आईडी से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर प्रवेश करने के बाद मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना का चयन कर विद्यार्थी विकल्प के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा।

**ये हैं पात्रता की शर्तें:** आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए। उसके माता-पिता की वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। साथ ही आवेदक ने पहले संचालित अनुप्रति योजना का लाभ नहीं लिया हो।

**ये दस्तावेज जरूरी:** आवेदन के लिए मूल निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, स्वघोषित आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड और बैंक खाते का विवरण आवश्यक होगा। आवेदन पत्र अभ्यर्थी को स्वयं ऑनलाइन भरना होगा।

## फायरिंग का आरोपी प्रोडक्शन वारंटी और हॉस्टल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हुए वांछित आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त स्कार्पियो बरामद की है। वहीं हॉस्टलों में छात्रों के मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने वाले आरोपी को 24 घंटे में हरियाणा के धारूहेड़ा से गिरफ्तार कर करीब तीन लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद किया है।

### पुलिस पर फायरिंग कर हुआ था फरार

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पारस जैन व सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर दीपक खंडेलवाल के पर्यवेक्षण तथा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। एक जून 2025 को बजाज नगर थाने के कांस्टेबल रामअवतार और हेड कांस्टेबल धर्मसिंह वांछित आरोपी योगेंद्र शर्मा की तलाश में नंदन एनक्लेव, वीआईटी कॉलेज के पीछे पहुंचे थे। पुलिस टीम के मकान में प्रवेश करते ही कमरे में मौजूद संदीप राज शर्मा ने देशी कट्टे से फायर कर दिया। गोली कांस्टेबल के हाथ को छूकर निकल गई। इसके बाद आरोपी कट्टा लहराते हुए बाहर खड़ी स्कार्पियो से फरार हो गया। संदीप राज शर्मा को आर्म्स एक्ट के मामले में 27 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया था और तीन सितंबर को केंद्रीय कारागार जयपुर भेजा गया। रामनगरिया पुलिस ने सात सितंबर को जानलेवा हमले व आर्म्स एक्ट के मामले में न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर उसे गिरफ्तार किया और वारदात में प्रयुक्त स्कार्पियो बरामद की। आरोपी के खिलाफविभिन्न थानों में जमीन विवाद से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने एसकेआईटी कॉलेज के पास पीजी में छात्रों के मोबाइल, लैपटॉप और अन्य सामान चोरी करने वाले आरोपी मोहम्मद आवेश उर्फओवेश उर्फ उवेश खान 22 निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश को हरियाणा के धारूहेड़ा से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार छह सितंबर को प्रियांशु पाल व अन्य छात्रों ने रिपोर्ट दी थी कि चार सितंबर की देर रात सोने के बाद सुबह उनके कमरों से आठ मोबाइल, दो लैपटॉप, स्मार्ट घड़ी और हेडफोन गायब मिले। जांच में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ बिजनौर से बिना नंबर की रॉयल एनफील्ड बाइक पर करीब 500 किलोमीटर का सफर तय कर जयपुर आते थे। अलसुबह हॉस्टलों में घुसकर सो रहे छात्रों के कीमती सामान चोरी करने के बाद वापस उत्तर प्रदेश चले जाते थे। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पीछा कर आरोपी को धारूहेड़ा इंटरचेंज से पकड़ा। उसके कब्जे से करीब तीन लाख रुपए कीमत के दो लैपटॉप, आठ मोबाइल, एक स्मार्ट घड़ी, एक हेडफोन और बिना नंबर की रॉयल एनफील्ड बाइक बरामद की गई।

## बेकाबू क्रेन ने पुजारी को कुचला

**जयपुर ( नवयत्न )।** कालवाड़ थाना क्षेत्र के भंभौरी गांव में सोमवार सुबह एक अनियंत्रित क्रेन ने पैदल जा रहे 70 वर्षीय मंदिर पुजारी रामलाल शर्मा को बेरहमी से कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि बुजुर्ग पुजारी की घटना स्थल पर ही सांसे थम गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्रेन चालक अत्यधिक शराब के नशे में धुत था और लापरवाही से वाहन दौड़ा रहा था। दर्दनाक हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने भागने का प्रयास कर रहे शराबी चालक को मौके पर ही दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। आक्रोशित भीड़ ने क्रेन के शीशे भी चकनाचूर कर डाले। इस घटना से गुस्सा, परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक रामलाल शर्मा का शव सड़क के बीचों-बीच रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम होने से इलाके में काफी देर तक आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना मिलते ही कालवाड़ थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने गुस्सा, लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और आरोपी चालक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलवाने का भरोसा दिया। आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# आचार संहिता के बीच वार्ड 35 में बनी इंटरलॉक सड़क, नगरपालिका को जानकारी तक नहीं

### सिंघाना में चुनाव से पहले निर्माण को लेकर उठे सवाल, ईओ बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगरपालिका में चुनावी आचार संहिता के बीच वार्ड 35 में इंटरलॉक सड़क बनाए जाने का मामला सामने आया है। करीब 100 फीट लंबी सड़क का निर्माण सोमवार को करवाए जाने की बात सामने आई है।

निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए सड़क बनवाई गई है। खास बात यह है कि नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) जेके गोयल को सड़क निर्माण की जानकारी तक नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार को वार्ड 35 में इंटरलॉक सड़क का निर्माण कराया गया। आचार संहिता लागू होने के बाद नगरपालिका के निर्माण कार्य बंद हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि सड़क निर्माण किसकी अनुमति से कराया गया और इसके लिए किस स्तर से स्वीकृति मिली।

### 11 सितंबर को मतदान, निर्माण को लेकर चर्चा तेज

सिंघाना नगरपालिका में 11 सितंबर को चुनाव होना है। मतदान से ठीक पहले सड़क निर्माण होने से मामला चर्चा में आ गया है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सवाल ?

अब सवाल यह है कि जब नगरपालिका के निर्माण कार्य बंद हैं तो वार्ड 35 में इंटरलॉक सड़क का निर्माण किसकी अनुमति से कराया गया? जांच के बाद ही इसकी स्थिति साफ हो सकेगी।



### ईओ बोले- नगरपालिका का कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा

मामले में नगरपालिका ईओ जेके गोयल ने बताया कि आचार संहिता के चलते नगरपालिका के सभी निर्माण कार्य बंद हैं। वार्ड 35 में सड़क निर्माण की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़क किसने और किसकी अनुमति से बनवाई, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। जांच में नियमों का उल्लंघन सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## भाजपा-कांग्रेस बराबर की दोषी, निकाय चुनाव में वोट से देंगे जवाब- शेखावत

### सहभागी राजपुत परिवार मंच की प्रेसवार्ता में दोनों दलों पर साधा निशाना, बोले- निर्दलीय ही विकल्प।

कासं



**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** सहभागी राजपूत परिवार मंच के संस्थापक इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत झाझड़ ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर भाजपा और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमारी मांगों की अनदेखी के लिए ज्यादा जिम्मेदार है, लेकिन कांग्रेस भी बराबर की दोषी है। इसलिए शहरी निकाय चुनाव में दोनों पार्टियों के बजाय निर्दलीय प्रत्याशियों को जिताना मंच की प्राथमिकता रहेगी। शेखावत ने कहा कि मंच की ओर से यूजीसी कानून के विरोध में जुलियासर (सालासर) में शिविर लगाए गए थे। इसके अलावा 19 अगस्त को 34 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ ज्ञापन दिए गए, लेकिन सरकार ने वार्ता के लिए एक बार भी नहीं बुलाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण बढ़ाने के लिए कमेटी बनाने की घोषणा की, लेकिन इसके बाद केवल सामान्य और ओबीसी वर्ग की गणना कराई गई। मंच की मांग है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए और इसका सरलीकरण किया जाए। साथ ही मूल ओबीसी को न्यायोचित आरक्षण, एससी-एसटी और मुस्लिम समाज को सामाजिक व धार्मिक संरक्षण तथा पेपर लीक माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शेखावत ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में इन मांगों को लेकर प्रभावी आवाज नहीं उठाई। दोनों दलों ने मिलकर विधानसभा का मानसून सत्र भी इन मुद्दों पर चर्चा के बिना स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के चुनाव चिह्नों को खाली लौटाकर दोनों दलों को जनता की नाराजगी का संदेश देना है। नगरपालिका या नगर निगम में बोर्ड बनाना मंच का लक्ष्य नहीं है, बल्कि दोनों दलों को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए स्पष्ट संदेश देना है। प्रेसवार्ता में जगदीश सिंह नुंआ, रघुबीर सिंह सिंसिया, सम्पत सिंह काली पहाड़ी, राजेन्द्र सिंह काली पहाड़ी, बाल सिंह दुराना, संदीप सिंह दुराना, शफीक खां नुंआ, खेम सिंह दिनवा, गौरीशंकर सैनी, सुरेन्द्र सिंह बड़ागांव, नरेंद्र सिंह बलौदा, अख्तर खां हासलसर और जसवंत यादव मौजूद रहे।

## आज लोकतंत्र की परीक्षा, 9 निकायों में मतदान

### सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग; मतदान दल बूथों पर पहुंचे, प्रशासन ने पूरी की तैयारियां



अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के प्रथम चरण में जिले के 9 नगरीय निकायों में बुधवार को मतदान होगा। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और सभी मतदान केंद्रों पर मतदान दल पहुंच चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि प्रथम चरण में नगर परिषद झुंझुनूं सहित बगड़, सुल्ताना, नवलगढ़, जाखल, मुकुंदगढ़, डूंडलोद, खेतड़ी और उदयपुरवाटी नगर पालिकाओं में मतदान होगा।

### बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

मतदान से पहले सभी मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है।

### अब मतदाताओं की बारी

चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी होने के बाद अब लोकतंत्र की जिम्मेदारी मतदाताओं के हाथ में है। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बिना किसी दबाव के मतदान केंद्र पर पहुंचें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। एक-एक वोट नगर की सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## विद्यार्थियों की कराई सामान्य ज्ञान परीक्षा, बेटी के जन्मदिन पर होगा सम्मान



कृष्ण गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** आदर्श पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बलौदा में राजस्थान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। खास बात यह रही कि प्रतियोगिता राजस्थान पुलिस के मलसीसर थाने में कार्यरत मुकेश फान्डन ने अपनी बेटी शाहिना के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कराई। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में राजस्थान के जिलों से जुड़े सवाल पूछे गए। प्रतियोगिता का परिणाम 12 सितंबर को घोषित होगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शाहिना के जन्मदिन पर पुरस्कार दिए जाएंगे। इस मौके पर विद्यालय परिवार को मिठाई भी वितरित की जाएगी।

मुकेश फान्डन ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों का राजस्थान के जिलों से जुड़ा सामान्य ज्ञान बढ़ाना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह चौहान, संस्थापक रतन सिंह चौहान सहित विद्यालय स्टाफ ने आयोजन की सराहना की।

## भूतनाथ मंदिर में मूर्ति खंडित मिलने से हड़कंप

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड 22 स्थित मुक्ति धाम परिसर के प्राचीन भूतनाथ मंदिर में मंगलवार सुबह मूर्ति खंडित मिलने से हड़कंप मच गया। मंदिर के पुजारी सुबह पूजा के लिए पहुंचे तो अंदर मूर्ति खंडित अवस्था में मिली। मंदिर में खून के छींटे भी दिखाई दिए। पुजारी के अनुसार शिवलिंग के पास भी कुछ सामग्री खंडित अवस्था में मिली है। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मंदिर परिसर में पहुंचे। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर घटना की वास्तविकता सामने लाने और दोषी मिलने पर कार्रवाई की मांग की है। मंदिर में मूर्ति कैसे खंडित हुई और खून के छींटे वहां कैसे पहुंचे, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

## निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी, विद्यार्थियों को किया जागरूक



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** राजकीय महाविद्यालय बिसाऊ में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया और मतदान से जुड़ी जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी मनोज सुंडा ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया किस प्रकार पूरी होती है और इसमें मतदाताओं की भूमिका क्या है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से पूरे शैक्षणिक कैलेंडर के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सहायक आचार्य रोहित मीणा ने भी निर्वाचन साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से निर्वाचन प्रक्रिया को समझने और अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान सहायक आचार्य शुभम कुमार, सुनीता कुमारी, सतकला, अनिता लोचिब सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# दस्सूसर, जेगणिया बीदावतान व जेगणिया बीकान में विकास कार्यों का लोकार्पण

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम दस्सूसर, जेगणिया बीदावतान एवं जेगणिया बीकान में मंगलवार को सांसद निधि, राज्यसभा सांसद निधि, विधायक निधि सहित विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी मदों से करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह चूरू सांसद राहुल कस्वां के मुख्य आतिथ्य एवं रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुए। कार्यक्रमों की अध्यक्षता सरपंच एवं प्रशासक देवीलाल मेघवाल ने की। इन विकास कार्यों के लोकार्पण से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, पेयजल, बिजली, पशुपालन एवं आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा विकास कार्यों के लिए आभार जताया।



### दस्सूसर में स्कूल को मिले चार नए कक्षा-कक्ष

ग्राम दस्सूसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांसद निधि से निर्मित एक कक्षा-कक्ष मय बरामदा का लोकार्पण किया गया। इसी विद्यालय में राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला की सांसद निधि से निर्मित कक्षा-कक्ष मय बरामदा तथा विधायक निधि से निर्मित कक्षा.कक्ष मय बरामदा का भी लोकार्पण हुआ। इसके अलावा डीएमएफटी योजना के तहत निर्मित दो कक्षा-कक्ष मय बरामदा भी विद्यालय को समर्पित किए गए। इन कक्षा.कक्षों के निर्माण से विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए अध्ययन हेतु अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होगा। ग्राम जेगणिया बीदावतान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्राम पंचायत निधि से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत निधि से निर्मित पुस्तकालय भवन को भी ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया गया। इसके साथ ही ग्राम जेगणिया बीदावतान में पशुपालन विभाग की ओर से निर्मित पशु उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत जेगणिया बीदावतान के परिसर में निर्मित ट्यूबवेल का भी लोकार्पण किया गया।

### जेगणिया बीकान में ट्यूबवेल व 33 केवी जीएसएस की सौगात

ग्राम जेगणिया बीकान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित ट्यूबवेल का लोकार्पण किया गया। वहीं ऊर्जा विभाग द्वारा निर्मित 33 केवी जीएसएस का भी उद्घाटन किया गया। इन सुविधाओं से क्षेत्र में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

इस अवसर पर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, पेयजल, बिजली, पशुपालन और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य किसी एक गांव या क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य करवा, जा रहे हैं। विधायक ने ग्राम दस्सूसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक और कमरा निर्माण करवाने तथा जेगणिया बीदावतान में लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा भी की।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार जरूरी : सांसद कस्वां

चूरू सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना और विकास कार्यों को धरातल पर उतारना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सांसद ने कहा कि सांसद निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, पेयजल, बिजली एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों से आमजन को सीधे लाभ मिलता है, तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलती है। कार्यक्रम के दौरान दस्सूसर, जेगणिया बीदावतान एवं जेगणिया बीकान में ग्रामीणों ने सांसद राहुल कस्वां एवं विधायक पूसाराम गोदारा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने लोकार्पित विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, सुरेंद्र हुड्डा, विजय कुमार माली, रतनलाल मेघवाल सहित अन्य लोगों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राजकुमार सिहाग, शिवलाल मेघवाल, कानाराम नाई, बीरबल राम मेघवाल, मदन लाल कलवानीया, जगदीश, हेमाराम सारण, गणेश राम सीलू, पोकर दास स्वामी, मोहन राम सीलू, धर्मा राम, किशना राम, मेघाराम नायक, रूपाराम कड़वासरा, तन्ना राम बाजिया, डूंगर राम सीलू, भीला राम, देवाराम मेघवाल, पीथा राम, भागीरथ मेघवाल, राजुराम, कन्हैया लाल, श्रीराम, लालचंद, जगदीश कुड़ी, अजीत सिंह, तोलाराम, बजरंग कुड़ी, लालाराम जाट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# जहरीली शराब का कहर



मध्य प्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब से 20 से अधिक लोगों की मौत यही बता रही है कि अपने देश में समय के साथ कुछ समस्याएं किस तरह विकराल और जानलेवा होती जा रही हैं। यह शर्मनाक है कि रह-रहकर देश के किसी न किसी हिस्से में जहरीली शराब से मौतों का कोई न कोई मामला सामने आता ही रहता है। आम तौर पर शासन-प्रशासन तभी चेतता है, जब मरने वालों की संख्या अधिक होती है। विडंबना यह है कि इसके बाद भी स्थितियां सुधरती नहीं। जहरीली शराब बनाने-बेचने वालों की गिरफ्तारी के साथ लापरवाह अधिकारियों का निलंबन होता है, लेकिन कुछ समय बाद फिर कहीं और कई बार तो उसी राज्य में जहरीली शराब कहर ढा देती है। मध्य प्रदेश से पहले गुजरात और बिहार में कई लोग जहरीली शराब पीने से मरे थे। इसके पहले महाराष्ट्र में। आम तौर देसी तरीके से बनाई जाने वाली शराब ही जहरीली शराब में तब्दील हो जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इसे बनाने वाले ज्यादा कमाई के चक्कर में ऐसे तौर-तरीके अपनाते हैं, जो जानलेवा साबित होते हैं। एक समय था, जब देसी शराब महुआ और कुछ अनाजों के जरिये प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, लेकिन अब वह घातक रसायनों के जरिये बनाई जाने लगी है। यही शराब प्राय: जहरीली हो जाती है। अपने देश में शराब को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताए जाने के बाद भी उसका चलन तो बढ़ता जा रहा है, लेकिन उसकी गुणवत्ता का कोई भरोसा नहीं। अभी हाल में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआइ ने यह निर्देश दिया कि एक प्रचलित रम को इसी श्रेणी में नहीं बेचा जा सकता, क्योंकि उसे निर्धारित तरीके से बनाने के स्थान न्यूट्रल स्पिरिट में आर्टिफिशियल रम फ्लेवर मिलाकर बनाया और बेचा जा रहा है। यह गनीमत है कि एफएसएसएआइ को भारत में बनने वाली विदेशी शराब की गुणवत्ता को लेकर चिंता हुई, लेकिन क्या वह देसी शराब की भी गुणवत्ता परखेगा? इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि राज्य सरकारें और उनकी एजेंसियां जहरीली शराब बनाने और बेचने वाले माफिया की कमर तोड़ने में कब कामयाब होंगी? वे इससे अपरिचित नहीं हो सकतीं कि अवैध तरीके से देसी शराब बनाने का काम एक कुटीर उद्योग जैसा रूप ले चुका है। कभी-कभी ऐसा लगता है कि जहरीली शराब के लगातार कहर ढाने के बाद भी शासन-प्रशासन इसलिए अपने हिस्से की जिम्मेदारी नहीं उठाता, क्योंकि उसकी चपेट में आने वाले आम तौर पर दीन-हीन लोग होते हैं। यह समझा जाए कि इस तरह की घटनाएं केवल कानून के शासन को कमजोर ही नहीं करतीं, बल्कि देश की बदनामी भी कराती हैं। यह ठीक नहीं कि आज जब देश को विकसित बनाने की बातें हो रही हैं, तब वैसी घटनाएं हो रही है, जैसी कई निर्धन देशों में भी नहीं होतीं।

## विशेष आलेख

# बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन?




मानवीय हिमाकतों के चलते दिल्ली में और एक बड़ी दर्दनाक घटना घट गई। सत्य निकेतन के मोतीनगर स्थिति एक सालों पुरानी जर्जर हालत की बिल्डिंग मौत बनकर रिमझिम बारिश में भरभराकर गिर पड़ी। घटना की सूचना पाकर पहुंचे बच्चों के परिजनों की चीखें कलेजा फाड़ रही हैं। परिजन बिलख रहे हैं,मांए बदहवास और बेसुध हैं। स्थानीय पुलिस और हुकुमती अधिकारियों का घटनास्थल पर जमघट लगा है। राहत-बचाव कार्य जारी है। घायल बच्चे एम्स के ट्रामा सेंटर भिजवाए जा रहे हैं। लेकिन वहां से कुछ बच्चों के ना रहने की सूचनाएं हर किसी को झकझोर रही हैं। बिल्डिंग में रहने वाले बच्चे तकरीबन बाहरी प्रदेशों के थे। वह अपना उज्जवल भविष्य बनाने की चाह लेकर शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे थे। पर, उन्हें क्या पता हादसों का रूप ले चुकी दिल्ली उनकी जान लील लेगी। पढ़ने वाले बच्चों के साथ दिल्ली में आए दिन कोई न कोई हादसा होता ही रहता है। राजेंद्र नगर स्थिति कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में पानी भरने से हुई बच्चों की मौत को शायद ही कोई भूल पाया हो। मुखर्जी नगर की कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना को याद करके भी रोंगटे खड़े होते हैं। इस तरह की प्रत्येक घटनाओं पर जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं का हमेशा से एक ही बयान होता है। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे, सख्त कार्रवाई होगी? इसके अलावा मृतकों के परिजनों को मुआवजा और घायलों की इलाज कराकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है और जब तक मीडिया में घटना की चर्चाएं होंगी, कार्रवाई के नाम पर सरकारी डंडा पीटा जाता रहेगा। शोर जैसे ही शांत होगा। जांच-पड़ताल ठंडे बस्ते में चली जाएंगी। जमीदोज हुई बिल्डिंग में ज्यादातर विश्वविधायल में पढ़ने वाले और सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले मात्र 20-22 आयु के बच्चे रहते थे। मालिक ने बिल्डिंग को करीब 30 सालों से पीजी के लिए किसी अन्य को किराए पर दिया हुआ था। बिल्डिंग मानकों के एकदम विरुद्ध निर्मित हुई थी। क्षेत्रफल मात्र 55 गज का था जिसमें 30 कमरे बना रखे थे। बिल्डिंग 40 से 45 साल पुरानी बताई जाती है। जबकि, देखने में इससे भी कहीं पुरानी लगती थी। मालिक पर मुकदमा हुआ है। एकाध महीने बाद उसे जमानत मिल जाएगी। उसी जगह पर फिर से दूसरी बिल्डिंग तान दी जाएगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में बने पीजी को लेकर 'इंडियन जियोटेक्निकल कॉन्फ्रेस' ने कुछ वर्ष पहले एक रिसर्च किया था जिसमें पाया था कि 85 फीसदी पीजी बच्चों के रहने के लायक नहीं हैं। इस तरह की रिसर्च रिपोर्ट को भी हुकूमतों ने दरकिनार किया। हादसे का शिकार हुई बिल्डिंग के निर्माण में घोर मानवीय हिमाकत का तांडव किया गया था। दिल्ली नगर निगम से लेकर, पुलिस, फायर ब्रिगेड और सरकार के अधिकारियों ने घूस खाया। घटनास्थल साउथ दिल्ली का सत्य निकेतन क्षेत्र है जिसे डूब या निचला-धरातल क्षेत्र भी कहते हैं। वहां बिल्डिंग बनाने की मात्र ढाई मंजिला इजाजत होती है। पर, अधिकारियों ने घूस खाकर पांच मंजिला तक बनवा दिया। दिल दहला देने वाले हादसे को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि बिल्डिंग में अवैध निर्माण होता रहा और जिम्मेदार लोग आंख मूंदकर तमाशबीन बने रहे। इतना ही नहीं, करीब 40 साल पुरानी इस बिल्डिंग में बारिश के दौरान हर साल बेसमेंट जलमग्न हो जाता था, जिससे इसकी नींव कमजोर होती गई और इस साल बजन नहीं सहन कर पाई जिससे भराभरकर ढह गई।

हादसे की जिम्मेदारी शायद ही कोई ले? क्योंकि ऐसे हादसे दिल्ली में समय-समय पर होते रहे हैं। कुछ महीनों पहले ही एक अवैध होटल में आग लगने से विदेशी सहित कई लोग जलकर खाक हुए थे। बिल्डिंगों का गिरना तो दिल्ली में आम हो चुका है। दिल्ली में अवैध कॉलोनियों की भरमार है। कहने को तो अवैध हैं लेकिन अधिकारी घूस लेकर उसे चंद मिनटों में वैध कर देते हैं। दिल्ली में इस समय करीब 1731 अवैध कॉलोनियां और 650 से लेकर 675 झुग्गी झोपड़ियां हैं जिनमें ज्यादातर किराएदार ही रहते हैं। दिल्ली ऐसा शहर है जहां देश के सभी प्रांतों के लोग रोजी रोटी कमाने आते हैं। शिक्षा का हब भी दिल्ली है। जहां सिविल सेवा की तैयारियां करने बच्चे दूर-दराज से पहुंचते हैं। 5 लाख बच्चे सालाना सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी करने दिल्ली के मुखर्जी नगर आते हैं, रहने के लिए उन्हें पीजी चाहिए होता है। ऐसे में बच्चे सस्ता पीजी खोजते हैं, लेकिन उन्हें क्या पता सस्ता घर उनकी जान ले लेगा? वहीं, करीब 15 लाख बच्चे अन्य प्रदेशों के दिल्ली के विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत हैं। जहां हादसा हुआ, उस इलाके में तकरीबन घर पीजी में तब्दील हैं। पीजी के नाम पर बड़ा नेक्सस उस इलाके में चलता है जिसका मकान होता है वह खुद पीजी संचालित नहीं करता, बल्कि वह किसी अन्य को ठेके पर दे देता है। ठेकेदार बच्चों को कमरों में भूसे की तरह ठूस देते हैं। जहां ना कोई सुविधा, न मानकों का इस्तेमाल, सिर्फ उन्हें कमाने से मतलब होता है।

हादसे वाली बिल्डिंग गिरने का संकेत कुछ वर्षों से दे रही थी? लेकिन ना मालिक ने गौर किया और ना ही अधिकारियों ने? पिछले साल तीसरे माले की सीढ़ियों की छत का उपरी हिस्सा गिरा था जिसे रिपेयर करवाकर संभावित हादसे पर पर्दा डाल दिया गया। बिल्डिंग में 50 के आसपास बच्चे रहते थे। सभी यूपी-बिहार राज्यों से वास्ता रखते हैं। हादसा रविवार को होता है जिस दिन ज्यादातर बच्चे अपने कमरों में थे क्योंकि उस दिन क्लासें और ट्यूशन की छुट्टी थी। शनिवार रात को बच्चे बेखौफ होकर सोए थे, उन्हें नहीं पता था कि अगले दिन उनके साथ क्या होने वाला है। कुछ बच्चों की जाने चली गई है? कई गंभीर रूप से घायल हैं। घटना निसंदेह दुखदायक है। हादसे की जिम्मेदारी अधिकारियों को लेना चाहिए और सीख लेकर भविष्य में इस तरह की बिल्डिंग को पहले ही जमींदोज करने का संकल्प भी लेना चाहिए।

## स्वास्थ्य समाचार

# ऑयली स्किन के लिए ओट्स से बनाएं यह फेस पैक, दूर होगा चेहरे का चिपचिपापन

ऑयली स्किन के लोग स्किन पर कुछ भी लगाने से पहले बहुत सोचना पड़ता है क्योंकि ऑयली सेंसिटिव भी काफी होती है। ऐसे में स्किन पर केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स लगाने के बजाए घर की किचन में मौजूद ओटमील से चेहरे के लिए फस पैक बना सकते हैं। ये फेस पैक चेहरे की कई समस्याओं को आसानी से दूर करके चेहरे को ग्लोइंग भी बनाएगा। ओटमील आसानी से स्किन के डेड सेल्स को निकाल कर स्किन को मॉइश्चराइज भी करेगा।



### ओटमील और हल्दी का फेस पैक

**सामग्री :**

- ओटमील- 1 चम्मच।
- हल्दी- आधा छोटा चम्मच।
- चंदन- 1 चम्मच।

### बनाने का तरीका

ये पैक बनाने के लिए कटोरी में सभी चीजों को लेकर पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को चहरे पर 5 से 10 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को वॉश करें। ये पैक स्किन पर पिंपल्स को दूर करके स्किन की रंगत में भी सुधार करेगा। ध्यान रखें अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स हैं, तो इस पैक को चेहरे पर हटाते समय जरा सा भी न रगड़ें।

### ओटमील और एलोवेरा का फेस पैक

**सामग्री :**

- 1 चम्मच एलोवेरा जैल।
- 1 चम्मच ओट्स पाउडर।

### बनाने का तरीका

ये पैक बनाने के लिए ओटमील को मिक्सी में पीस कर पाउडर बना लें। अब इस पाउडर में एलोवेरा जैल को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाए। अब इस पैक को स्किन पर 10 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें।

### दही और ओटमील फेस पैक

**सामग्री :**


- 1 चम्मच दही।
- 1 चम्मच ओटमील पाउडर।
- 1 केला मैश किया हुआ।

### बनाने का तरीका

दही और ओटमील फेस पैक बनाने के लिए दोनों को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 5 से 10 मिनट के लिए लगा कर छोड़ दें। ये पैक स्किन को माश्चराइज करने के साथ बढ़ती उम्र के निशानों को भी कम करने में मदद करेगा। इस पैक को 15 दिन में एक बार आसानी से लगा सकते हैं।

# हार्ट की बीमारी युवाओं को कैसे बना रही है शिकार?

दिल से जुड़ी बीमारियों को कुछ साल पहले तक बुजुर्गों में होने वाली बीमारी जाना जाता था, लेकिन बीते कुछ सालों में सामने आए मामलों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। बीते कुछ सालों में कार्डियक अरेस्ट, हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी बीमारियों के कारणन होने वाली मौतों में कम उम्र वाले लोग सबसे ज्यादा शामिल हैं। कोरोनरी आर्टरी डिजीज हो दिल से जुड़ी सामान्य बीमारियां कम उम्र के लोगों में इसके मामले सबसे ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। चलती-फिरती जीवनशैली जिसे मॉडर्न जीवनशैली भी कहा जा सकता है, दिल की बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने में सबसे प्रमुख मानी जा रही है। असंतुलित खानपान, भागदौड़ भरी जीवनशैली और स्मोकिंग व शराब का बहुत ज्यादा सेवन करने के कारण युवाओं में भी हार्ट से जुड़ी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। तनाव और चिंता के साथ गतिहीन जीवनशैली की वजह से दिल से जुड़ी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तनाव, चिंता, उत्तेजना, नौकरी का प्रेशर, खानपान से जुड़ी गलत आदतें और नींद की कमी के कारण दिल के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। हर काम को करने में जल्दबाजी और प्रेशर दिल की सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है। तनाव और चिंता जैसी समस्याएं आज के युवाओं में कॉमन हैं।



**तनाव, चिंता और प्रेशर :** तनाव, चिंता और कामकाज का प्रेशर हार्ट की सेहत को बहुत नुकसान पहुंचाता है। जब भी आप तनाव या चिंता से ग्रसित होते हैं, तो उस समय आपको घबराहट, उत्तेजना का अनुभव भी सबसे ज्यादा होता है। तनाव को कम करने के लिए शरीर कुछ हॉर्मोन का उत्पादन करता है। इन हॉर्मोन को कैटेकोलामाइन कहा जाता है, जिनकी वजह से शरीर का ब्लड प्रेशर भी प्रभावित होता है।

इसकी वजह से आपके दिल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मॉडर्न लाइफस्टाइल की वजह से तनाव और चिंता की समस्या होती है और इसके कारण कोरोनरी आर्टरी डिजीज का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

**नींद की कमी :** आधुनिक जीवनशैली लोगों की नींद को भी बुरी तरह से प्रभावित करती है। सही समय पर नियमित रूप से पर्याप्त नींद न मिलने का नकारात्मक असर दिल की सेहत पर पड़ता है। धूम्रपान, शराब का सेवन और असंतुलित खानपान की वजह से भी नींद बुरी तरह प्रभावित होती है। रोजाना पर्याप्त नींद न मिलने के कारण आपके दिल की सेहत पर असर पड़ता है और लंबे समय तक इस समस्या के बने रहने के कारण दिल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

**ओवर एक्सरसाइज या वर्कआउट :** आज के समय में युवाओं में बॉडी-बिल्डिंग का क्रेज बहुत ज्यादा बढ़ गया है। तेजी से मस्कुलर बॉडी पाने के लिए लोग घंटे तक जिम में वर्कआउट करते हैं। बहुत ज्यादा या ओवर एक्सरसाइज करने से आपका ब्लड प्रेशर प्रभावित होता है और बॉडी को सही ढंग से रिलैक्स होने में परेशानी होती है। इसकी वजह से आपके दिल की धड़कन भी अनियमित हो जाती है और इसका सीधा असर दिल की सेहत पर पड़ता है।

**खानपान से जुड़ी खराब आदतें :** आज के समय में मॉडर्न और व्यस्त जीवनशैली के कारण फास्ट फूड और झटपट तैयार होने वाले खानों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। जंक फूड और फास्ट फूड्स के सेवन की वजह से शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है और इसकी वजह से आर्टरी डिजीज और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

**स्मोकिंग और शराब का सेवन :** स्मोकिंग और शराब का सेवन करने वाले लोगों में दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा अन्य लोगों की तुलना में काफी ज्यादा बढ़ जाता है। स्मोकिंग करने वाले लोगों में हार्ट अटैक और आर्टरी डिजीज का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में ज्यादा होता है।

# महिलाओं की इन समस्याओं को दूर करता है अखरोट

अखरोट को ब्रेन फूड के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि यह दिखने में बिल्कुल हमारे दिमाग जैसा होता है। इसके साथ ही कई अध्यनों में भी इस बात की पुष्टि की जा चुकी है कि अखरोट दिमाग के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें कई तरह के महत्वपूर्ण पोषक तत्व जैसे- पॉलीअनसेचुरेटेड वसा, विटामिन और पोटेशियम, आयरन, जिंक और मैग्नीशियम इत्यादि पाए जाते हैं। इसके साथ ही अखरोट फाइबर का काफी अच्छा स्त्रोत होता है जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर है। पुरुषों के लिए अखरोट काफी हेल्दी होता है। वहीं, महिलाओं की कई परेशानियों को दूर करने में भी अखरोट काफी असरदार साबित हो सकता है।



**एंटी कैंसर :** अखरोट कैंसर के खतरों को कम करने में असरदार होता है। यह ओमेगा -3 फैटी एसिड का काफी अच्छा स्त्रोत माना जाता है। साथ ही यह एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं जो कैंसर से लड़ने में आपकी मदद कर सकता है। अखरोट प्रोस्टेट, ब्रेस्ट और पैंक्रियाटिक कैंसर से मुख्य रूप से लड़ने में आपकी मदद कर सकता है।

**नींद को करे बेहतर :** पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अनिद्रा की समस्या अधिक देखी जाती है। ऐसे में अखरोट महिलाओं के लिए काफी हेल्दी साबित हो सकती है। अखरोट की मदद से शरीर में मेलाटोनिन का उत्पादन बढ़ता है जो नींद को प्रेरित करने में आपकी मदद करता है। रात के खाने के बाद आप इसे खा सकते हैं।

**प्रजनन क्षमता में करे सुधार :** अखरोट महिलाओं की प्रजनन क्षमता को बेहतर करता है। अगर आपको कंसीव करने में किसी तरह की परेशानी हो रही है तो इसका सेवन करें। यह अंडाणुओं की गुणवत्ता को बेहतर करता है। साथ ही शरीर में ऊर्जा और गतिशीलता को बेहतर कर सकता है।

**त्वचा और बालों के लिए है फायदेमंद :** अखरोट का सेवन करने से आपके स्किन और बालों को काफी फायदा पहुंच सकता है। यह वातावरण में फ्री रेडिकल्स से आपके शरीर को सुरक्षित रखने में मददगार होता है। इसके सेवन से स्किन की ड्राईनेस दूर होती है। अखरोट इन फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता है। अखरोट के नियमित सेवन से आंखों के नीचे के काले घेरों को कम करने में मदद मिल सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### वृष

फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

### मिथुन

विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### कर्क

घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### सिंह

रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कन्या

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### तुला

शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### वृश्चिक

चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### धनु

पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### मकर

पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### कुंभ

प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### मीन

पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

# भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में उतरे चुनाव मैदान में

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** नगरपालिका चुनाव के लिए 11 सितंबर को मतदान होगा। इससे पहले चुनाव को लेकर जंहा प्रत्याशियों ने अपने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। वंही भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता अपने-अपने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार में भाग दौड़ कर पूरा जोर लगा लग रहे हैं। भाजपा व कांग्रेस नेता एक ओर जंहा वार्डों में नुक्कड़ सभाएं कर अपने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं वंही वार्ड-वार्ड घूम कर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने सोमवार रात तारानगर के वार्ड 8,21, 24, 26, व 34 में नुक्कड़ सभा की। सभा को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है, इसलिए तारानगर के विकास के लिए नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड बनने से शहर के विकास को गति मिलेगी।

उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन देकर तारानगर के विकास में सहयोग करने की अपील की। सभा को चुनाव प्रभारी काशीराम गोदारा, चंद्राराम गुरी व संदीप काजला ने भी संबोधित किया। सभा में जसवंत स्वामी, जमरदीन तेली, भंवरलाल दादरवाल, मो. तैयब, अयूब पटवा, अजीत राठौड़, माणकचन्द सैनी, अलबेला, मुकेश शर्मा आदि अनेक भाजपा कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे। उधर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने भी कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में अनेक वार्डों में नुक्कड़ सभा कर व कार्यकर्ताओं तथा मतदाताओं से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में समर्थन मांगा। बुडानिया ने प्रदेश भाजपा सरकार की विफलताओं को गिनाते हुए लोगों से तारानगर पालिका में कांग्रेस का बोर्ड बिठाने की बात कही। इस मौके पर उनके साथ अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके अलावा प्रत्याशियों को उनके वार्डों में समर्थक लड्डू, फल व मिठाई से भी तोलकर अपना समर्थन दे रहे है। चुनाव को लेकर अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



# भाजपा प्रत्याशी की बहन ने लगाए गंभीर आरोप, प्रत्याशी ने सभी आरोपों को बताया झूठा . . .

## कहा मेरे भाई-बहन के बीच है आर्थिक विवाद, मुझे चुनाव के चलते बेवजह इसमें घसीटा गया

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकाय चुनाव में राजनीति परवान पर है। इसी बीच वार्ड नंबर 45 के भाजपा प्रत्याशी तनसुख लाल प्रजापत पर उनकी सगी बहन संतोष देवी और बहनोई हरी प्रसाद प्रजापत ने प्लॉट पर कब्जा करने के प्रयास करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसको लेकर डीएसपी अनुज शुभम को एक परिवाद भी पेश किया गया है और कहा गया है कि हम लोग अपनी जमीन पर जा रहे हैं, लेकिन हमें तनसुखलाल, चंपालाल, मनीष से खतरे का अंदेशा है, इसलिए इनसे मेरी व मेरे परिवार के जान माल की रक्षा की जावे। पूरे मामले की बात करें तो परिवाद में हरिप्रसाद निवासी रतनगढ़ ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ के रायपुर में व्यापार करते हैं। 2023 में चंपालाल प्रजापत से 930 व



1085 गज जमीन सुजानगढ़ के शिव बाड़ी रोड, बालाजी धर्मकांटा के पास इकरारनामा से खरीदी थी, जो नोटेरीशुदा है। हरीप्रसाद ने आगे बताया है कि करीब 2 महीने पहले उन्होंने अपने दोस्त अकरम को जमीन संभालने के लिए भेजा तो, तनसुखलाल, मनीष ने अकरम के साथ गाली गलौज करते हुए धमकी दी। हरिप्रसाद ने बताया कि तनसुख लाल ने अपनी सगी छोटी बहन को फोन करके कहा कि यहां पर तुम्हारी यहां कोई जमीन नहीं है, यहां आओगी तो लठ बजेंगे। परिवाद में इस प्रकार के आरोप लगाते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई गई है। डीएसपी को परिवाद सौंपने के बाद हरी प्रसाद और उसकी पत्नी, बेटा सभी प्लॉट पर गए और वहां पर मीडिया को बताते हुए कहा कि इसी जमीन को लेकर विवाद है। इसके बाद मौके पर लोडर मंगवाकर जमीन के अंदर लगाई गई फसल को उखाड़ा गया। पूरे प्रकरण को लेकर जब वार्ड नं 45 के भाजपा प्रत्याशी तनसुखलाल प्रजापत से जाकर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मेरे भाई के साथ मेरी बहन का लेनदेन है और विवाद उन्हीं के बीच है। मुझे इस प्रकरण में इसलिए घसीटा जा रहा क्योंकि मैं चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि मुझ पर लगाए गए सभी आरोप निराधार व झूठे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच करेगी, उसी से कुछ साफ हो पायेगा।

# वरिष्ठ अध्यापक वर्मा को शिक्षक गौरव सम्मान



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा श्रीमाधोपुर सीकर निवासी, कंचनपुर को मानव जन जागृति संस्थान द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान 2026 से चौमूं जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने, सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेने, पर्यावरण संरक्षण अभियान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में सक्रीय भूमिका रहने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव आयुष सुबीर गुप्ता, उद्यमी सुनीता दामिनी गुप्ता, सौदागर कांदेला प्रदेशाध्यक्ष रणजीत महारानियां संरक्षक पूर्व डीजीपी रवि प्रकाश महरड़ा जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह मीणा, आईपीएस सोनचंद लाडना, गजानंद परिहार आदि उपस्थित थे।

# 22 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर उत्तर जिला पुलिस ने वांछित अपराधियों और स्थाई वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 22 साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने आरोपी को भट्टा बस्ती इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी वर्ष 2004 में दर्ज एक मामले में जमानत मिलने के बाद से लगातार फरार था और पुलिस से बचने के लिए अपने ठिकाने बदलता रहा। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि वर्ष 2004 में आरोपी ने परिवादी को उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके घर में कैद कर उसके साथ मारपीट की थी। मामले में गिरफ्तार होने के बाद आरोपी को जमानत मिल गई थी, लेकिन इसके बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ। वह अपने स्थाई पते से फरार होकर अलग-अलग स्थानों पर पते बदलता रहा। लगातार अदालत में पेश नहीं होने पर न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। करीब 22 वर्ष से फरार होने के कारण आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। विद्याधर नगर थानाधिकारी सज्जन कुमार के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी सहायता और आसूचना तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस टीम को आरोपी के भट्टा बस्ती क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद आसिफ 55 निवासी विद्याधर नगर हाल भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके फरार रहने के दौरान के ठिकानों और अन्य जानकारियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**बीदासर (नवयत्न)।** नोखा मार्ग स्थित सांवर लाल सुशीला देवी सुथार राजकीय महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आज नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवी प्रसाद की उपस्थिति में विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवी प्रसाद सहित अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार एवं सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

# नगर पालिका श्रीमाधोपुर चुनाव 2026 आज

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** नगर पालिका श्रीमाधोपुर के 35 वार्डों के लिए 9 सितंबर बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पार्षद चुनने के लिए ईवीएम से मतदान किया जाएगा। 35 वार्ड में इस बार 29813 मतदाता हैं जिनमें 15495 पुरुष, 14317 महिलाएं व एक थर्ड जेंडर है। इस चुनाव में 130 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें भाजपा के 33, कांग्रेस के 32, बसपा के दो, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का एक व 62 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। इस बार नगर पालिका में अन्य पिछड़ा वर्ग का अध्यक्ष चुना जाएगा। 35 में से बूथ नंबर 4, 12, 14, 15, 17, 21, 24, 25, 29, 34 तथा 36 अति संवेदनशील बूथ माने जा रहे हैं यहां पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाएगा। 9 सितंबर को मतदान के बाद मतों की गणना 14 सितंबर सोमवार को की जाएगी, उसके बाद 15 व 16 सितम्बर को पालिका अध्यक्ष पद के लिए के लिए नामांकन भरे जाएंगे व 21 सितंबर को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। मंगलवार 22 सितंबर को उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए घर-घर पहुंच रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक मतदान दलों को उनसे संबंधित मतदान केंद्र के लिए रवाना किया जा रहा था।

# नगर निगम चुनाव के बीच अवैध शराब की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निगम चुनाव-2026 के मद्देनजर अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे। अभियान के तहत जयपुर उत्तर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 144 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की। शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही होंडा एक्टिवा स्कूटी भी पुलिस ने जब्त कर ली। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दौरान अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित की गई। जहां पुलिस टीम ने मंदिर मोड़ सर्किल के आगे सब्जी मंडी कट के पास अचानक नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक होंडा एक्टिवा सवार युवक को रोककर उसकी स्कूटी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान स्कूटी के आगे पैर रखने की खाली जगह में खाकी रंग के तीन कार्टन रखे मिले। पुलिस ने कार्टनों की जांच की तो उनमें घूमर ब्रांड की अवैध देशी शराब के पव्वे मिले। पुलिस ने कुल 144 पव्वे बरामद कर स्कूटी सवार युवक राम कुमार विश्वकर्मा 19 निवासी बसवाहा जिला छतरपुर मध्य प्रदेश हाल विद्याधर नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया।

# विश्व हिन्दू परिषद का 62वां स्थापना दिवस एवं कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड की ओर से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन विभाग संगठन मंत्री कुलदीप एवं प्रान्त मातृ शक्ति संयोजिका सुजाता पारीक के सान्निध्य भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजकुमार महर्षि, पीरूमल भोभरिया, जगदेव सांखोलिया एवं कैलाश आत्रेय मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रान्त मातृ शक्ति संयोजिका सुजाता पारीक ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना के उद्देश्यों एवं उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन वर्ष 1964 में मुंबई स्थित सांदीपनी ऋषि आश्रम में संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के मार्गदर्शन में विभिन्न मत-पंथों के सैकड़ों साधु-संतों की उपस्थिति में हुई थी। सुजाता पारीक ने कहा कि मातृशक्ति को राष्ट्र के उत्थान और हिन्दू धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे बढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। विभाग संगठन मंत्री कुलदीप ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद द्वारा इस वर्ष संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती तथा श्रद्धेय अशोक सिंघल की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बस्ती एवं ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार करते हुए नई समितियों के गठन का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांगानेर विभाग मंत्री अशोक शर्मा, सत्यनारायण सेवदा, वासुदेव चाकलान, रामदेव चन्दनिया, महेन्द्र कुमार शर्मा, भंवरलाल टेलर, ओम प्रकाश जांगिड़, पवन पीपलवा, ओम मनोहर स्वामी, कृष्ण कुमार रामावत, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, दुर्गादत्त यज्ञस्थलिया, भरत शर्मा, दिनेश भार्गव, गोविन्द प्रसाद सोनी, अशोक शर्मा, गिरीश शर्मा, सक्षम सारस्वत एवं जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय बड़ोदा बैंक के पास स्थित घर में गला रेंतकर वृद्धा की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका पुखराज देवी के पुत्र मनोज कुमार चोरड़िया ने पुलिस को रिपोर्ट दी है, कि 7 सितंबर 206 को मेरे चाचा का मेरे पास फोन आया कि तुम्हारी मां के साथ कोई घटना हो गई है, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई है। मनोज का कहना है, कि अज्ञात लोगों ने मेरी मां की हत्या कर दी और पहले हुए गहने ले गया।

इसलिए पुलिस जांच करके मुझे न्याय दिलाए। कोतवाली सीआई मुकेशचंद ने इस बारे में बताया कि मौके पर एफएसएलए एमओवी की टीमों ने सैंपल उठाए हैं तथा डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाकर जांच की गई है। मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के दो पुत्र हैं, दोनों कोलकाता रहते हैं, बिजनेस करते हैं।

मृतका की पुत्री बेंगलुरु निवास करती है। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नगरनिकाय आम चुनाव-2026, प्रथम चरण निर्वाचन हेतु मतदान आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निकाय आम चुनाव-2026 के मध्यनजर बुधवार, 09 सितंबर, 2026 को सवेरे 07 बजे से सायं 06 बजे तक प्रथम चरण में चूरू जिले में नगरपरिषद सुजानगढ़ व चूरू तथा नगरपालिका राजगढ़, रतननगर व छापर में वार्ड सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान होगा। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने कहा है, कि जिले के सभी सम्मानित मतदाता से लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य भी है। इसलिए प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय, दबाव, प्रलोभन या भेदभाव के अपने विवेक से मतदान करें। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया और रैंप, व्हीलचेयर आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सभी मतदाता मतदान दिवस पर निर्धारित समय पर अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचें, आवश्यक पहचान दस्तावेज साथ रखें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मतदान करें। मतदान जितना अधिक होगा, लोकतांत्रिक व्यवस्था उतनी ही अधिक सशक्त होगी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में नगरपरिषद सरदारशहर तथा नगरपालिका तारानगर, साहवा, रतनगढ़, राजलदेसर व बीदासर में वार्ड सदस्यों के निर्वाचन हेतु शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026 को सवेरे 07 बजे से सायं 06 बजे तक मतदान होगा। इसी के साथ सभी नगरनिकाय मुख्यालयों पर ही 14 सितंबर, 2026 को मतगणना की जाएगी।

### यह रहेंगे 11 वैकल्पिक दस्तावेज

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि मतदान के समय मतदाता को मतदाता पहचान पत्र ईपिक कार्ड प्रस्तुत करना होगा। जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र ईपिक कार्ड न हो तो वे चुनाव की घोषणा किये जाने से पूर्व में जारी 11 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जीरामजी मनरेगा कार्ड, बैंको डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड आयुष्मान भारत हैल्थ कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधानसभा सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी यूडीआईडी कार्ड आदि सम्मिलित हैं।

# दीपाराम वर्मा को राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया

निसं

**कांवट (नवयत्न)।** शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठतम योगदान के साथ-साथ सामाज सेवा तथा जनसेवा कार्यों में सक्रिय अहम भूमिका निभाने वाले दूधवालों का बास निवासी दीपाराम वर्मा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को द्वितीय राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मानव जन जागृति संस्थान राजस्थान के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से चयनित 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व पुलिस महानिदेशक रविप्रकाश महरड़ा और प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला ने की तथा आयुष विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर गुप्ता मुख्य अतिथि रहे।



दीपाराम वर्मा ने शिक्षा को चाहरदीवारी तक सीमित न रखते हुए समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया है। साथ ही समाज में अपनी देकर सामाजिक सरोकारों में भी निरंतरता में रहकर कार्य करने का प्रयास किया है।

# महा अभिषेक एवं ध्वजा रोहण के साथ गणेश जन्मोत्सव का शुभारम्भ



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मंदिर श्री गोपाल जी कुंड वाला गणेश जी श्रीमाधोपुर में महा अभिषेक व ध्वजारोहण के साथ गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गणेश जी महाराज का दूध, दही, शहद, शर्करा, घृत, पंचगव्य, अनेक फल आदि एवं कई फलों का रस, इत्र, सर्व औषधी एवं कई तरह के औषधियों आदि से गणेश जी का महा अभिषेक करवाया गया। इसके पश्चात गणेश जी को सिंदरी चोला पहनाकर नवीन पोशाक धारण करवाई गई एवं मोदक का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर पंडित शंकर लाल शर्मा, माखनलाल, रामगोपाल शर्मा, मोहित सैनी, विष्णु सैनी, अक्षय सैनी, रविंद्र जांगिड़, अरविंद सैनी, कृष्णा, राहुल सैनी, राजेश सैनी, नरेश पंजाबी, रामजीलाल, मालीराम सैनी, आदि अनेको कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी महावीर ठठेरा मंत्री मंदिर श्री गोपाल जी कुंड वाला ; गणेश जीद्ध ट्रस्ट समाज श्रीमाधोपुर द्वारा दी गई।

# आबादी क्षेत्र से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग

निसं

**कांवट (नवयत्न)।** कस्बे की बापू बस्ती जुगलपुरा की आबादी क्षेत्र से गुजर रही बिजली की हाइटेंशन लाइन व ट्रांसफॉर्मर को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सहायक अभियंता कांवट विनोद कुमार को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीण दामोदर चोहान, सुनील चोहान, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश स्वामी, धर्मेन्द्र चोहान, बृजबिहारी, मदनलाल, नरेश, कैलाश, लालचंद, कंवर चोहान सहित दर्जनों लोगों ने ज्ञापन सौंपा कर बताया कि इससे आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा रहता है।



# पाकिस्तान क्रिकेट ने खिलाड़ियों के व्यवहार पर जांच शुरु की...

## दूसरे टेस्ट के बाद 7 प्लेयर्स को निकाला था, प्लेयर्स के फोन भी जब्त किए

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड दौरे पर मौजूद खिलाड़ियों के अनुशासन और व्यवहार को लेकर इंटरनल जांच शुरू कर दी है। पीसीबी प्रवक्ता आमिर मीर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मीडिया में आ रही खबरों को गंभीरता से लेते हुए यह कदम उठाया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हार के बाद पाकिस्तान ने 7 खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया था। हेडकोच सरफराज अहमद और बॉलिंग कोच उमर गुल को भी हटा दिया गया था। उनकी जगह व्हाइट बॉल टीम के कोच माइक हेसन और एश्ले नॉफके को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

इसके बाद से टीम का इंग्लैंड दौरा लगातार विवादों में है। इससे पहले यह खबर आई थी कि पाकिस्तान ने सभी खिलाड़ियों के फोन भी जब्त कर लिए हैं।

### एंटी-करप्शन एंगल की बात अभी सामने नहीं आई

पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा- 'इंग्लैंड दौरे पर मीडिया में हमारे खिलाड़ियों के अनुशासन और व्यवहार को लेकर आई खबरों को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आंतरिक अनुशासनात्मक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इन सभी मामलों की अंदरूनी स्तर पर समीक्षा की जा रही है।' सोशल मीडिया पर जारी आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया गया है कि यह केवल एक अनुशासनात्मक प्रक्रिया है। इसके जरिए खिलाड़ियों के आचरण और अनुशासन से जुड़े पहलुओं को जांचा जा रहा है। हालांकि मामले में किसी एंटी-करप्शन एंगल की बात अभी तक सामने नहीं आई है।

### मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच की बात

आमिर ने कहा- 'पीसीबी ऐसे मामलों को अपनी तय प्रक्रिया के मुताबिक संभालता है। यह प्रक्रिया पीसीबी के नियमों के तहत की जा रही है और इसमें सभी संबंधित लोगों को उचित मौका दिया जा रहा है।' बताया जा रहा है कि खिलाड़ियों के मोबाइल फोन मीडिया में जानकारी लीक होने के आरोपों की फोरेंसिक जांच के लिए लिए गए थे। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### पीसीबी ने खिलाड़ियों के फोन जब्त किए थे

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कुछ खिलाड़ियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। टेस्ट मैच खत्म होने तक ये फोन बोर्ड के कब्जे में ही रहेंगे। पीसीबी ने अभी तक यह नहीं बताया है कि किन खिलाड़ियों के फोन लिए गए हैं और इस कार्रवाई की वजह क्या है। हालांकि पाकिस्तान क्रिकेट का मैच फिक्सिंग से पुराना नाता रहा है। इसमें 2010 के इंग्लैंड दौरे का स्पॉट फिक्सिंग मामला भी शामिल है। इस मामले में तीन खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया गया था।



### 7 खिलाड़ी और 2 कोच पहले ही हटाए गए

पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पीसीबी ने तीसरे टेस्ट से पहले टीम में बड़ा फेरबदल किया है। बोर्ड ने मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक, सलमान अली आगा समेत 7 खिलाड़ियों को टीम से रिलीज कर दिया। उनकी जगह नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा हेड कोच सफराज अहमद को हटा दिया गया और उनकी जगह माइक हेसन को तीसरे टेस्ट के लिए जिम्मेदारी दी गई। बॉलिंग कोच उमर गुल की जगह एश्ले नॉफके को भी लाया गया है। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट पारी और 103 रन से और दूसरा टेस्ट 194 रन से गंवाया था। अब सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट 9 सितंबर से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। ऐसे में खिलाड़ियों के फोन पीसीबी की कस्टडी में लिए जाने की रिपोर्ट ने टीम के भीतर चल रही उथल-पुथल को और बढ़ा दिया है।

# इगा स्वियातेक यूएस ओपन से बाहर

## झेंग क्विनवेन ने सीधे सेटों में हराया

## ओसाका भी हारीं; गॉफ और आंद्रीवा टॉप-8 में

न्यूयॉर्क में खेले जा रहे यूएस ओपन के विमेंस सिंगल्स के चौथे राउंड में छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। वहीं, एलेना रायबाकिना ने नाओमी ओसाका को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रायबाकिना ने ओसाका को 6-1, 6-4 से हराया। इसके अलावा, कोको गॉफ ने हमवतन इवा जॉविक को 6-1, 6-4 से मात दी, जबकि मिर्रा आंद्रीवा ने अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया।

### झेंग क्विनवे ने दूसरी बार वापसी की

स्वियातेक को चीन की झेंग क्विनवेन ने हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक ने पहले सेट में 5-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन झेंग ने लगातार 7 गेम जीतकर सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में उन्होंने स्वियातेक की सर्विस दो बार तोड़ी और 6-3 से मैच जीत लिया। यह झेंग की लगातार दूसरी 0-5 से वापसी है। इससे पहले तीसरे राउंड में उन्होंने मैडिसन कीज के खिलाफ निर्णायक सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद मैच जीता था। उस मुकाबले में उन्होंने मैच पॉइंट भी बचाया था।

### क्वालिफायर से क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं झेंग

झेंग क्वालिफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ में पहुंची थीं और अब यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में हैं। वे 2021 में एम्मा राडुकानू के बाद इस टूर्नामेंट के विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर हैं। 2024 पेरिस ओलिंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट झेंग कभी वर्ल्ड नंबर-4 भी रह चुकी हैं, लेकिन पिछले साल कोहनी की सर्जरी के बाद उनकी रैंकिंग 121 तक गिर गई थी। दूसरी ओर, स्वियातेक 2022 की यूएस ओपन चैंपियन और छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता हैं। झेंग के खिलाफ हार के बाद वह आर्थर ऐश स्टेडियम से आंसुओं के साथ बाहर गईं। झेंग ने इससे पहले 2024 पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडल मैच में भी स्वियातेक को हराया था।



### रायबाकिना नंबर-1 बनने से एक जीत दूर

एलेना रायबाकिना ने नाओमी ओसाका को 66 मिनट में 6-1, 6-4 से हराया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना झेंग से होगा। रायबाकिना के पास पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बनने का मौका है। झेंग को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचते ही वह आर्यना सबालेंका को पीछे छोड़कर टॉप रैंक हासिल कर लेंगी।

### ओसाका बोलीं- अब हार से दुखी नहीं होती

रायबाकिना से हार के बाद चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने कहा कि अब वह हार को पहले की तरह नहीं लेतीं। वह उससे सीखने की कोशिश करती हैं। मैच के दौरान पैर में दर्द के कारण उनकी मूवमेंट भी प्रभावित हुई। ओसाका ने कहा कि उनकी बेटी स्वस्थ है, परिवार अच्छा है और उन्हें यूएस ओपन में खेलने का मौका मिला। इसलिए वह इस हार से दुखी नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह एक और ग्रैंड स्लैम जीतती हैं तो इससे उनकी जिंदगी नहीं बदलेगी।

### गॉफ ने 18 साल की जॉविक को हराया

अमेरिका की कोको गॉफ ने हमवतन इवा जॉविक को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने पहले सेट में दबदबा बनाया, जबकि दूसरे सेट में 18 साल की जॉविक ने वापसी की कोशिश की, लेकिन गॉफ ने गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। जॉविक ने तीसरे राउंड में अपनी करीबी दोस्त एलेक्स एला को तीन घंटे चले मुकाबले में हराया था। इस जीत के बाद वह पहली बार यूएस ओपन के चौथे राउंड में पहुंची थीं, जहां उनका सामना गॉफ से हुआ।

# रोहित यादव अंडर-19 ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

## एज फ्रॉड में 2 साल का बैन, आर्यन सावसानी वनडे, तन्मय बलोदा मल्टी-डे टीम में शामिल

भारत की अंडर-19 टीम से बाहर किए गए रोहित यादव की जगह आर्यन सावसानी और तन्मय बलोदा को शामिल किया गया है। आर्यन को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए, जबकि तन्मय को मल्टी-डे मैच के लिए टीम में चुना गया है। बंगाल के लेग स्पिनर रोहित यादव पर उम्र से जुड़ी गड़बड़ी के कारण शुक्रवार को 2 साल का बैन लगाया गया था। वे जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। उम्र में गड़बड़ी सामने आने के बाद उन्हें तुरंत टीम से बाहर कर दिया गया। रोहित पर कार्रवाई की जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल की प्रक्रिया के तहत सामने आई।

### रोहित की उम्र में 27 महीने का अंतर

सीएबी ने अपने खिलाड़ियों के लिए प्री-सीजन दस्तावेज जांच अभियान चलाया था। इसी दौरान रोहित की उम्र से जुड़ी गड़बड़ी सामने आई। रिपोर्ट के मुताबिक, उनके रिकॉर्ड में उम्र का अंतर 27 महीने का है। रोहित ने बंगाल की अलग-अलग आयु वर्ग की टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। सीएबी ने इसी तरह की उम्र संबंधी गड़बड़ियों के कारण 64 अन्य खिलाड़ियों पर भी प्रतिबंध लगाया है।

इन खिलाड़ियों में भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के पूर्व सदस्य रवि कुमार भी शामिल हैं। रवि ने कैरेबियन में इंग्लैंड के खिलाफ 2022 के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था।

### लक्ष्य रायचंदानी वनडे सीरीज में कप्तानी करेंगे

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत की कप्तानी लक्ष्य रायचंदानी करेंगे। यशवर्धन चौहान उपकप्तान होंगे। 4-दिवसीय मैचों में दोनों की भूमिकाएं बदल जाएंगी। यशवर्धन कप्तान और लक्ष्य



उपकप्तान होंगे। वनडे टीम में पूर्व भारतीय कप्तान वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग और राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ भी शामिल हैं। अन्वय जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने दूसरे वनडे में 87 रन बनाए थे। अन्वय द्रविड़ विकेटकीपर हैं। वह वनडे टीम में रजत बघेल के साथ दो विकेटकीपरों में शामिल हैं।

### भारत अंडर-19 वनडे टीम

लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), यशवर्धन चौहान (उपकप्तान), रजत बघेल (विकेटकीपर), आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनाल चौहान, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), वी यशवीर, शाविन विनोद, मोहित उलवा, चिगुरुपति वेंकट, काव्या पटेल और आर्यन सावसानी।

### भारत अंडर-19 मल्टी-डे टीम

यशवर्धन चौहान (कप्तान), लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), सागर वीरक, कुशाग्र ओझा, मनाल चौहान, कुश पटेल, मानव कृष्णा (विकेटकीपर), अभिप्राय बिस्वास (विकेटकीपर), ईशान ओम, अयान अकरम, प्रणव राघवेंद्र, प्रियांशु सिंह, मोहित उलवा, आर्यन यादव और तन्मय बलोदा।

# क्या अब मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेगा भारत ?


## इंडियन विमेंस टीम एशिया कप जीतने की दावेदार; पिछले साल कप्तान सूर्या ने किया था इनकार

एशिया कप का फाइनल मुकाबला। दुबई का ग्राउंड। भारतीय टीम चैंपियन बनती है। लेकिन ट्रॉफी नहीं लेती। कारण- जो शख्स ट्रॉफी देने वाला था, वह पाकिस्तानी था। यह घटना करीब एक साल पहले दुबई में हुई थी। अब 13 सितंबर को दुबई के उसी ग्राउंड पर यह घटना रिपीट हो सकती है। अंतर इतना है कि दो साल पहले वाकया पुरुष एशिया कप का था इस बार मामला महिला एशिया कप का है। भारतीय विमेंस टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है और फॉर्म के लिहाज से भारत के चैंपियन बनने की संभावना भी काफी ज्यादा है। जिस मोहसिन नकवी से 2025 में भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार किया था, वे अब भी एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख हैं। लिहाजा, भारत अगर खिताब जीतता है तो नकवी फिर से ट्रॉफी देने आ सकते हैं। भारतीय टीम इस स्थिति में क्या करेगी इस बारे में बीसीसीआई की ओर से कोई बयान नहीं आया है। टीम ने भी इस बारे में अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।

### पिछले साल क्या हुआ था

28 सितंबर 2025 को पुरुष एशिया कप के फाइनल में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराया था। मैच के बाद होने वाला अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम (प्रेजेंटेशन) एक घंटे से ज्यादा देरी तक रुका रहा, क्योंकि इस बात पर चर्चा चल रही थी कि ट्रॉफी कौन सौंपेगा।





भारतीय टीम ने आखिरकार पीसीबी चेयरमैन और एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया।

इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर बिना ट्रॉफी के ही जीत का जश्न मनाया, जबकि नकवी ट्रॉफी लेकर स्टेडियम से बाहर चले गए।

एशिया कप की ट्रॉफी अब तक भारतीय टीम को नहीं सौंपी गई है। यह वर्तमान में दुबई स्थित एसीसी के दफ्तर में रखी हुई है।

तब भारतीय टीम ने क्यों नहीं ली थी ट्रॉफी मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ के अलावा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। नकवी ने ऑपरेशन सिंदूर के समय के भारत विरोधी बयान दिए थे। इस वजह से भारतीय टीम ने उनके हाथों से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद भारत ने नो-हैंडशेक की पॉलिसी अपनायी। पहली बार सितंबर 2025 पुरुष एशिया कप में भारत ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद से अब तक भारत ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हैंडशेक नहीं किया है।

### भारतीय विमेंस टीम एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंची

**आठ टीमों वाले महिला एशिया कप में भारत अब तक अजेय है। हरमनप्रीत कौर की टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ जीत से की। इसके बाद ग्रुप स्टेज में हांगकांग और पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।**

### भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था

**भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 7 विकेट से हराया था। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम 18.1 ओवर में सिर्फ 55 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने 56 रन का टारगेट 8.4 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।**

## बॉलीवुड

# रामयण में रणबीर को राम बनाने पर खुश नहीं हैं रामानंद सागर के पोते, बोले- उनको छोड़कर बाकी कास्ट बेस्ट...

जब से नितेश तिवारी की आने वाली रामायण में रणबीर कपूर को भगवान राम के रोल के लिए चुना गया है, तब से फैंस की राय बंटी हुई है। टीजर और फर्स्ट लुक सामने आने के बाद, कई दर्शकों को लगा कि वह सही पसंद हैं, लेकिन कुछ लोगों को अभी भी शक था। अब 1987 में दूरदर्शन रामायण बनाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले रामानंद सागर, के पोते शिव सागर ने फिल्म की कास्टिंग और रणबीर को राम बनाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### रणबीर कपूर को राम बनाने पर क्या बोले शिव सागर?

शिव सागर मशहूर फिल्ममेकर रामानंद सागर के पोते हैं, जिन्होंने 1987 में दूरदर्शन पर 'रामायण' और उसके बाद 'लव-कुश' शो बनाया था। हाल ही में, शिव ने भगवान राम के रोल के लिए रणबीर कपूर को चुने जाने पर अपनी नाराजगी जाहिर की, खासकर इसलिए क्योंकि रणबीर ने 'एनिमल' फिल्म में एक वायलेंट इंसान का किरदार निभाया था। शिव सागर ने, हट्ठ से बात करते हुए कहा, उस एक कास्टिंग को छोड़कर, मुझे बाकी कास्टिंग बहुत पसंद है। व्यक्तिगत रूप से, मैं रणबीर कपूर को राम के तौर पर स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि 'एनिमल' के बाद, मैं उन्हें राम के रूप में नहीं देख सकता। जब मैं राम जी के बारे में सोचता हूं, तो मुझे लगता है कि किसी नए चेहरे को लिया जाना चाहिए था।

### नया चेहरा लेना बेहतर होता- शिव सागर

उन्होंने आगे कहा, हमने रणबीर को अलग-अलग किरदारों में देखा है, वह बहुत अच्छे एक्टर हैं। व्यक्तिगत रूप से, मुझे उनसे कोई दिक्कत नहीं है। मुझे लगता है कि उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए उन्हें इसलिए लिया होगा क्योंकि उन्हें मार्केटिंग के लिए बढ़ावा चाहिए था, और शायद अगर वे रणबीर को नहीं लेते, तो फिल्म की मार्केटिंग इतनी अच्छी तरह से नहीं हो पाती, तो यह भी सोचने वाली बात है, लेकिन मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि ऐसे किरदारों के लिए किसी नए चेहरे को लेना बेहतर होता है।

### बाकी कास्ट की तारीफ की

डायरेक्टर-प्रोड्यूसर ने बाकी कास्ट की तारीफ की, जिसमें रावण के रोल में यश और सीता के रोल में साई पल्लवी शामिल हैं। शिव सागर ने कहा, आप बहुत मजबूत सपोर्टिंग कास्ट ले सकते हैं, जैसे यश बहुत अच्छे लग रहे हैं, साई पल्लवी बहुत अच्छी लग रही हैं, उन पर कोई बैगेज नहीं है। उन पर बहुत ज्यादा बैगेज है। उन्होंने आगे कहा, इसीलिए हम आम तौर पर अपने सीरियल में नए चेहरों को लेते हैं, ताकि उन पर कोई बैगेज या पुरानी हिस्ट्री न हो। इसके बाद फिल्ममेकर ने कहा कि आखिरकार जनता ही राजा है, अगर रणबीर को दर्शक राम के रूप में स्वीकार करते हैं तो उनकी राय कोई मायने नहीं रखती।



# ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 'मिर्जापुर'

## द मूवी ने किया धांसू कलेक्शन, गैंगस्टर थ्रिलर पर जमकर हुई धनवर्षा

प्राइम वीडियो की सुपरहिट सीरीज मिर्जापुर: द मूवी ने 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी छाई हुई है। आइए जानते हैं फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की है।

### मिर्जापुर: द मूवी बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे

सैकनिल्क के मुताबिक, पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु स्टारर गैंगस्टर ड्रामा मिर्जापुर: द मूवी ने पहले दिन 25.75 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की थी। दूसरे दिन 32 करोड़ रुपये और तीसरे दिन फिल्म ने 36 करोड़ रुपये की कमाई की।

सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है और इसने 16 करोड़ रुपये की कमाई की। इस कमाई के साथ फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 109.75 करोड़ रुपये और ग्रॉस इंडिया कलेक्शन 131.55 करोड़ रुपये की कमाई की है।

### ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर की धांसू कमाई

वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 22.50 करोड़ रुपये के ओवरसीज कलेक्शन के साथ फिल्म ने 154.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। यानी मिर्जापुर घरेलू के साथ-साथ वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी अच्छा परफॉर्म कर रही है।



### मिर्जापुर: द मूवी बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 4- 16 करोड़ रुपये

**नेट इंडिया कलेक्शन**- 109.75 करोड़ रुपये

**वर्ल्डवाइड कलेक्शन**- 154.05 करोड़ रुपये

मिर्जापुर के साथ-साथ थिएटर्स में हनुमान अंश भी चल रही है और यह फिल्म भी जबरदस्त कमाई कर रही है। हालांकि यह मिर्जापुर से एक महीने पहले रिलीज हुई है लेकिन बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।

### मिर्जापुर: द मूवी के बारे में

मिर्जापुर: द मूवी एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसे गुरमीत सिंह ने डायरेक्ट किया है और पुनीत कृष्णा ने लिखा है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु, जितेंद्र कुमार और रवि किशन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो की टेलीविजन सीरीज मिर्जापुर (2018) पर आधारित है।

## खाचरियावास के बयान राजनीतिक हताशा का परिणाम : श्रवण सिंह बगड़ी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा सरकार पर लगाए आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में कांग्रेस अपनी जमीन खिसकती देखकर बौखला गई है। खाचरियावास के बयान विकास और जनहित के मुद्दों पर नहीं, बल्कि राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाते हैं। बगड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रोड शो जनता से संवाद और सरकार के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का माध्यम हैं। भाजपा का जनसंपर्क अभियान पूरे प्रदेश और राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जारी है। केवल बयान देने से कांग्रेस जनता का विश्वास वापस नहीं पा सकती। जनता कांग्रेस शासन और भाजपा सरकार के कामकाज की तुलना कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव में शराब बांटने जैसे गंभीर आरोप लगाना आसान है, लेकिन आरोपों के साथ प्रमाण भी प्रस्तुत किए जाने चाहिए। यदि खाचरियावास के पास तथ्य, वीडियो, शिकायत या अन्य प्रमाण हैं, तो उन्हें निर्वाचन आयोग और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष पेश करें, ताकि निष्पक्ष कार्रवाई हो सके। बिना प्रमाण आरोप लगाना केवल चुनावी सनसनी पैदा करने का प्रयास है। बगड़ी ने कहा कि निकाय चुनाव सरकार गिराने या मुख्यमंत्री बदलने का चुनाव नहीं, बल्कि स्थानीय निकायों के कायाकल्प का चुनाव है। भाजपा ने इसके लिए संकल्प पत्र भी जारी किया है। जनता अब आरोपों की राजनीति के बजाय काम की राजनीति चाहती है। उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान भ्रष्टाचार, अपराध और महिला अपराध के मुद्दे सामने आए। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की नीतियों के चलते जोधपुर, करौली सहित विभिन्न स्थानों पर रामनवमी और हनुमान जयंती के दौरान पथराव एवं हिंसक घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार ने आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की है और सरकार की स्पष्ट नीति है, कि अपराधी कितना भी प्रभावशाली हो कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। निकाय चुनाव में जनता कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति और भाजपा के विकास के एजेंडे के बीच अपना फैसला करेगी।

## बीकानेर से दिल्ली तक पैदल मार्च, मिलावटखोरों को फांसी देने की उठी मांग

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** देश भर में फल-सब्जियों पर छिड़के जा रहे कीटनाशकों, नकली दूध-घी के सिंडिकेट और भ्रामक विज्ञापनों के जरिए जनता की सेहत से हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ एक बड़ा जनआंदोलन उठ खड़ा हुआ है। फूड रियलटी मार्च के बैनर तले बीकानेर से दिल्ली के जंतर-मंतर तक 700 किलोमीटर से अधिक की ऐतिहासिक पदयात्रा शुरू हो चुकी है। 4 सितंबर को बीकानेर के वैष्णो माता मंदिर से शुरू हुआ। मंगलवार को यात्रा की शुरुवात राजलदेसर से शुरू हुई और रतनगढ़ में पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा का रात्रि विश्राम टीडियासर टोल नाके के पास रहा। बीकानेर के ?दमित गहलोत के नेतृत्व और संयोजक एडवोकेट जयन्त मूण्ड के मार्गदर्शन में चल रहा पैदल मार्च अगले 25 दिनों में सीकर, जयपुर, कोटपूतली, बहरोड़ और गुरुग्राम होते हुए दिल्ली पहुंचेगा। रास्ते में पड़ने वाले हर गांव, कस्बे और शहर में संवाद कर लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे मुनाफाखोरी के चक्कर में उनकी रसोई तक धीमा जहर पहुंचाया जा रहा है। यात्रा में कमलेश प्रजापत, अजय डूडी, सांवर मल ढाका, विनोद आचार्य, देवीलाल जाट, रामवीर रायका, मुकेश सहारण, देवकीनंदन माहिच सहित अनेक ने भाग लिया एवं संगम चौराहा पर स्वागत किया गया। सरकार के सामने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

## ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में खराबी

### करीब 300 फ्लाइट्स रद्द, ब्रिटिश एयरवेज और ईजीजेट समेत कई एयरलाइंस प्रभावित



**नई दिल्ली.**ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते मंगलवार को करीब 300 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई। फ्लाइट मॉनिटरिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने इसकी जानकारी दी। ब्रिटेन की नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेज ने बताया कि यह समस्या उड़ानों के टेकऑफ पर असर डाल रही थी। फ्लाइट सिस्टम धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। फ्लाइटरडार24 ने एक्स पर बताया कि ब्रिटिश एयरवेज, ईजीजेट, केएलएम और लुफ्थांसा समेत कई एयरलाइंस की फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। लंदन के हीथ्रो, स्टैनस्टेड और सिटी एयरपोर्ट के साथ ही मैनचेस्टर, बर्मिंघम, स्कॉटलैंड और ब्रिटेन के अन्य एयरपोर्ट्स की भी कुछ उड़ाने प्रभावित हुई हैं।


## आम सूचना

Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/S शक्ति उद्योग प्रोपराइटर कमला देवी पत्नी रामनिवास चौधरी निवासी RIICO, तहसील व जिला चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद प्लॉट नंबर G1-49 तादादी 6459 वर्ग फीट वाके RIICO, तहसील व जिला चूरू जो जरिये संशोधित लीज डीड दिनांकित 21.06.2018 से प्रार्थी मालिक है उक्त सम्पति का अलॉटमेंट लेटर दिनांकित 10.03.1988 सीरियल नंबर 796 प्रार्थी के पास उपलब्ध नहीं है कही गुम हो गया है किसी व्यक्ति विशेष के पास उक्त अलॉटमेंट लेटर हो तो शाखा चूरू में जमा करवा देवे। उक्त जायदाद को प्रार्थी Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी। **भरत व्यास एडवोकेट, मो. 7877480007, 7877470007**


**नगर निकाय आम चुनाव 2026**

# चूरू नगरपरिषद व रतननगर नगरपालिका के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण एवं रवानगी का किया पर्यवेक्षण, दिए निर्देश

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है, जिले में दो चरणों में हो रहे चुनाव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, आज प्रथम चरण के चुनाव के दौरान चूरू नगर परिषद, सुजानगढ़ नगर परिषद सहित कुल पांच नगर निकायों पर बुधवार को सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें चूरु, सुजानगढ़, छापर, रतननगर एवं राजगढ़ नगर निकाय के चुनाव होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत चूरू नगरपरिषद एवं रतननगर नगरपालिका के वार्ड सदस्यों के निर्वाचन के लिए नियुक्त मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण एवं रवानगी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की रीढ़ हैं और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी मतदान कार्मिक अपने दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं नियमों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का भौतिक रूप से जायजा लें।

मतदान केंद्र पर किसी प्रकार की कमी अथवा समस्या सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल अवगत करवाएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदान दल मतदान प्रक्रिया को लेकर पूरी तरह स्पष्ट एवं सजग रहें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एरिया मजिस्ट्रेट को तत्काल सूचना दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कार्मिक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसपी निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि मतदान दल व सुरक्षा कार्मिक आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करवाएं। मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक कार्मिक सजगता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे। उन्होंने मतदान के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में की गई तैयारियों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। चूरू नगरपरिषद रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ श्वेता कोचर ने मतदान दलों को उनके दायित्वों एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, आवश्यक प्रपत्रों, ईवीएम संचालन तथा मतदान केंद्र पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर एसडीएम धीरज झाझड़िया, सीओ गजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं मतदान दल उपस्थित रहे।

# राजस्थान ट्रैवल कनेक्ट में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कारोबार बढ़ाने पर जोर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ राजस्थान टूर ऑपरेटर्स एफआरटीओ की ओर से अजमेर रोड स्थित प्रतिष्ठा बैंक्वेट में बीटूबी रोड शो राजस्थान ट्रैवल कनेक्ट आयोजित किया गया। इसमें राजस्थान की पर्यटन संभावनाओं, प्रमुख व उभरते पर्यटन स्थलों, आधुनिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और पर्यटकों के लिए उपलब्ध विविध यात्रा अनुभवों को देश-विदेश के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एफआरटीओ के महासचिव कमल डोई ने बताया कि रोड शो के जरिए राजस्थान के टूर ऑपरेटर्स, घरेलू कंपनियों और होटल व्यवसायियों को एक मंच पर लाकर नए पर्यटन स्थलों, पर्यटन उत्पादों और कारोबारी संभावनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि राजस्थान ऐतिहासिक किलों, महलों, संस्कृति, विरासत, वन्यजीवन, शादियों, लग्जरी पर्यटन और विश्वस्तरीय आतिथ्य के कारण संपूर्ण पर्यटन अनुभव उपलब्ध कराता है। रोड शो में राजस्थान को पारंपरिक पर्यटन तक सीमित रखने के बजाय एमआईसीईए लग्जरी, वेडिंग और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं को मजबूती से प्रचारित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में द बुल इन्फोटेक के निदेशक रजत लुबाना, एफआरटीओ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कपिल शर्मा, महासचिव कमल डोई, संयुक्त सचिव देवेंद्र नरूका, कोषाध्यक्ष अभिषेक मेहता, द पैलेस बाय पार्क ज्वेल्स के उपाध्यक्ष संतोष सिंह शेखावत सहित प्रमुख टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल ट्रेड प्रतिनिधि और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारक मौजूद रहे।

## मुंबई में मोदी के कार्यक्रम से पहले 2 संदिग्ध पकड़ाए

### एक ने खुद को पीएमओ अफसर बताया, साथ में हथियारबंद गार्ड था; फर्जी आईडी कार्ड मिला

**मुंबई।** मुंबई में पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले पुलिस ने 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों को सोमवार को पकड़ा था। इसकी जानकारी मंगलवार को सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, बीकेसी स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में 24 साल का युवक पीएमओ का अफसर बनकर पहुंचा था। उसके साथ लोडेड रिवाल्वर लिए गार्ड भी था। जांच के दौरान दोनों को पकड़ा गया। मुंबई क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। पीएम मोदी शाम को करीब 5.45 बजे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 का उद्घाटन करेंगे। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट का सातवां संस्करण 8 से 11 सितंबर तक मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध युवक की पहचान रोहन पारेख (24) के रूप में हुई है। वह एनएमएसीसी परिसर में खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का वरिष्ठ अधिकारी बताकर घूम रहा था। उसके व्यवहार और गतिविधियों पर सुरक्षा अधिकारियों को संदेह हुआ। पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए इलाके में पहले से ही विशेष सुरक्षा समूह और मुंबई पुलिस की कड़ी तैनाती थी। सुरक्षा जांच के दौरान पुलिस ने रोहन को रोका और उससे पूछताछ की। पूछताछ में रोहन ने अपनी पहचान साबित करने के लिए पीएमओ का पहचान पत्र दिखाया। पुलिस ने जब इसकी जांच की तो पता चला कि यह पहचान पत्र फर्जी था।

# साइबर अपराध पीड़ितों को त्वरित राहत और नवीन आपराधिक कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव

जयपुर।



मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस), साइबर सुरक्षा तथा नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर अपराधों से निपटने की व्यवस्था तथा नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### डिजिटल एकीकरण को और मजबूत करने पर जोर

मुख्य सचिव ने आईसीजेएस के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न स्तंभों के बीच डिजिटल एकीकरण को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-समन की इलेक्ट्रॉनिक तामील में सुधार तथा फॉरेंसिक, कारागार, अभियोजन एवं मेडिको-लीगल व्यवस्थाओं के डिजिटल इंटीग्रेशन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान आईसीजेएस के तहत हुई प्रगति पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव ने शेष तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। नवीन आपराधिक कानूनों से संबंधित राष्ट्रीय डैशबोर्ड पर आईसीजेएस इंटीग्रेशन में राजस्थान को 10 में से 10 अंक प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के सभी 1,040 पुलिस थानों में राजनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। मुख्य सचिव ने चिकित्सा, पुलिस एवं अभियोजन से संबंधित डिजिटल प्रणालियों के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया। इसी क्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह श्री भास्कर आत्माराम सावंत ने बताया कि प्रदेश में मेडलीपीआर (मेडिको-लीगल एग्जामिनेशन एंड पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्टिंग) का सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) के साथ एकीकरण पूरा हो चुका है। सभी जिले ई-प्रॉसिक्यूशन पर भी ऑनबोर्ड हैं। मुख्य सचिव ने साइबर अपराधों की समीक्षा करते हुए साइबर फ्रॉड पीड़ितों की होल्ड की गई राशि शीघ्र वापस दिलाने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल का प्रभावी उपयोग करने तथा ग्रिवांस रिड्रेसल मॉड्यूल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड के मामलों में पुलिस और बैंकों के बीच बेहतर समन्वय से पीड़ितों को त्वरित राहत मिलनी चाहिए। मुख्य सचिव ने साइबर क्राइम हॉटस्पॉट पर फोकस्ड कार्रवाई के निर्देश देते हुए पुलिस, बैंकों एवं संबंधित हितधारकों के साथ इस विषय पर शीघ्र पृथक समीक्षा बैठक आयोजित करने को कहा। उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सहयोग पोर्टल के प्रभावी उपयोग, समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों की साइबर क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### कानून की मूल भावना और उद्देश्य रहें सर्वोपरि

नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में इस दिशा में प्रगति हुई है, लेकिन अभी और बेहतर करने की गुंजाइश है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रदर्शन मानकों में राजस्थान की स्थिति और बेहतर करने के लिए संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों की मूल भावना और उद्देश्य को सर्वोपरि रखते हुए उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# 4 दिन बाद फिर एक्टिव होगा मानसून

## अब तक 4 जिलों में ही सामान्य से ज्यादा बरसात

जयपुर।

राजस्थान में मानसून अब कमजोर हो गया है। केवल चार जिलों में ही सामान्य से ज्यादा बरसात रिकॉर्ड हुई है। प्रदेश में इस मानसून सीजन में 24 फीसदी कम बारिश हुई है।

मौसम विशेषज्ञों ने बताया- मानसून ट्रफ सोमवार को अपनी सामान्य पॉजीशन से शिफ्ट होकर उत्तर भारत की तरफ चली गई, राज्य में अगले 4-5 दिन मानसून कमजोर रहने की संभावना है। अब 12 सितंबर से फिर बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इस साल राजस्थान में मानसून काफी कमजोर रहा है।

### मानसून के बड़े अपडेट्स

**नाथद्वारा में एक इंच से ज्यादा बारिश:** पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बरसात राजसमंद के नाथद्वारा में हुई। यहां करीब 28एमएम पानी बरसा। वहीं, कोटपूतली, अलवर शहर व सीकर के भी कुछ इलाकों में बरसात हुई। इधर देर शाम श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू के एरिया में भी बादल छाने के बाद कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई और तेज हवा चली।




### 4 जिलों में औसत से ज्यादा बरसात:

राजस्थान में केवल 4 ही ऐसे जिले है जहां सामान्य से ज्यादा बरसात हुई है, जबकि 2 जिले ऐसे है जहां सामान्य या उससे थोड़ी कम पानी बरसा है। सबसे ज्यादा बरसात भरतपुर के एरिया में हुई। भरतपुर में 1 जून से 6 सितंबर तक औसत बरसात 481.7एमएम होती है, जबकि इस सीजन में अब तक यहां कुल 638.8एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 33 फीसदी ज्यादा है। इसके अलावा दौसा में, धौलपुर, झुंझुनूं में 7 से 13 फीसदी ज्यादा बरसात दर्ज हुई है। अलवर में सामान्य से 1 फीसदी कम और करौली में 5 फीसदी कम पानी बरसा है।

पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में आगामी 4-5 दिन मानसून कमजोर रहेगा। हालांकि, आज भरतपुर, कोटा संभाग में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। 12 सितंबर से एक और नया बारिश का दौर शुरू होने तथा पुनः बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### 4 डिग्री तक चढ़ा पारा:

बारिश थमने और धूप निकलने के बाद करौली, कोटा, प्रतापगढ़, फतेहपुर, अलवर, पिलानी, टोंक, भीलवाड़ा समेत कई शहरों में सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 4 डिग्री तक चढ़ गया। दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस फलोदी में दर्ज हुआ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पातुसरी पंचायत समिति झुंझुनू

क्रमांक: 102/2026 दिनांक : 08.09.2026

निविदा सूचना -07/2026-2027

ग्राम पंचायत पातुसरी में राज्य वित्त आयोग षष्ठम मद योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्य ग्राम देवीपुरा में ग्राम देवीपुरा में LED लाईट लगाने कार्य को सम्पादित करने हेतु इच्छुक संवेदको एवं प्राधिकृत फर्मों से दिनांक 14.09.2026 को 12 बजे दोपहर तक निविदा (Work Tendor) आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में ग्राम पंचायत पातुसरी के कार्यालय http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत पातुसरी
पंचायत समिति झुंझुनू

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत पातुसरी
पंचायत समिति झुंझुनू



## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PWD CIRCLE SIKAR

No.: 1267 Date: 19.08.26

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Construction of Various Missing Links and Renewal of Non Patchable roads in District Sikar is invited from interested bidders from dated 21.08.2026 at 09:30 AM upto dated 09.09.2026 at 06:00 PM, other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and pwd.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 5111.78 lacs (22 Works).

NIB No.PWD2627A2521

UBN No. PWD2627WSOB11251, PWD2627WSOB11253, PWD2627WSOB11256, PWD2627WSOB11259, PWD2627WSOB11262, PWD2627WSOB11264, PWD2627WSOB11266, PWD2627WSOB11268, PWD2627WSOB11269, PWD2627WSOB11272, PWD2627WSOB11274 PWD2627WSOB11276, PWD2627WSOB11278, PWD2627WSOB11281, PWD2627WSOB11283, PWD2627WSOB11286, PWD2627WSOB11289, PWD2627WSOB11291, PWD2627WSOB11295, PWD2627WSOB11298 PWD2627WSOB11304, PWD2627WSOB11308

DIPR/C/15452/2026

Superintending Engineer
PWD Circle Sikar

# निकाय चुनाव में सोशल मीडिया बना चुनावी मैदान

## पोस्टर-बैनरों और चुनावी संदेशों व यूट्यूबर की भरमार

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों और समर्थकों ने अब सोशल मीडिया को प्रचार का प्रमुख माध्यम बना लिया है जिसमें पोस्टर, बैनर, अपील और चुनावी संदेशों की बाढ़ सी आई हुई है। सुबह से देर रात तक अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों में प्रत्याशियों के प्रचार सामग्री लगातार शेयर की जा रही है। भाजपा, कांग्रेस, आरएलपी सहित निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थक भी सोशल मीडिया के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाने में जुटे हैं। एक ही दिन में दर्जनों चुनावी पोस्टर और संदेश देखने को मिल रहे हैं। चुनावी प्रचार के इस नए डिजिटल दौर में प्रत्याशी घर-घर संपर्क के साथ सोशल मीडिया पर भी अपनी मौजूदगी मजबूत करने में लगे हैं। वहीं यूट्यूबर पर प्रत्याशियों का साक्षात्कार मतदाताओं के बीच भी अलग-अलग प्रत्याशियों के दावों और वादों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अब देखना होगा कि सोशल मीडिया पर चल रहा यह प्रचार मतदान के दिन मतदाताओं के फैसले को कितना प्रभावित करता है।

# शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस मुश्तैद है और लोगों से शांतिपूर्व और भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील करने के लिए फ्लैगमार्च निकाला गया है। एडीएम संतोष कुमार मीणा, एडीशनल एसपी पवन कुमार के नेतृत्व में सैंकड़ों पुलिसकर्मियों के साथ कोतवाली थाने से शुरू हुआ फ्लैगमार्च शहर के हनुमान धोरा, बागरेचा बास, बगड़िया अस्पताल, नया बाजार चैक, रामपुरिया कॉटेज, घंटाघर रोड़ आदि स्थानों से होकर गुजरा। एडीएम संतोष कुमार ने आम लोगों से निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील की है। फ्लेगमार्च में अनेक पुलिस अधिकारियों व सैंकड़ों पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

# जयपुर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिक्षक गरिमा सम्मेलन 25 से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गायत्री परिवार की सह.संस्थापिका भगवती देवी शर्मा तथा शांतिकुंज, हरिद्वार के सौ वर्ष से प्रज्ज्वलित अखंड दीपक शताब्दी समारोह के द्वितीय चरण के अंतर्गत 25 से 27 दिसंबर तक मुरलीपुरा स्थित तोंदवाल मैरिज गार्डन में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिक्षक गरिमा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर प्रथम संगोष्ठी का आयोजन कर विस्तृत रूपरेखा तय की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार से आए राजस्थान समन्वयक गौरी शंकर सैनी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस आयोजन को 108 कुंडीय यज्ञ जैसा विशाल स्वरूप देने के लिए जुट जाएं। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षक गरिमा सम्मेलन पर बल देते हुए कम से कम 500 शिक्षकों को जोड़ने का लक्ष्य रखा। व्यापक जनसंपर्क पर जोर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि पूरे विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनियों में सघन जनसंपर्क कर हर घर तक आमंत्रण पहुंचाया जाए। संगोष्ठी के प्रारंभ में गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के प्रभारी महेन्द्र कुमार ने आयोजन की जानकारी दी और शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान शांतिकुंज से आए जय प्रकाश चौधरी और श्याम सिंह ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# निजी स्कूल में छात्रों के गुटों में खूनी संघर्ष, 10वीं के छात्र पर कांच की बोतल से हमला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के प्रतिष्ठित महेशवरी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को उस वक्त अफर-तफरी मच गई, जब कक्षा 10 के छात्रों के बीच हुआ मामूली विवाद खूनी झड़प में बदल गया। स्कूल परिसर के पास हुए इस हमले में करीब 10 से 12 छात्रों के गुट ने एक अकेले छात्र को घेरकर बुरी तरह पीट दिया। मारपीट के दौरान एक छात्र ने पीड़ित के सिर पर पानी की भारी कांच की बोतल से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद हरकत में आए स्कूल प्रशासन ने लहूलुहान छात्र को तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। डॉक्टरों ने छात्र के सिर पर आए गहरे घाव को देखते हुए करीब छह टांके लगाए हैं। चिकित्सकों के अनुसार छात्र के चेहरे और सिर पर काफी चोटें आई हैं, हालांकि वह होश में है, और उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इस मामले की सूचना मिलते ही जवाहर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस स्कूल गेट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से मारपीट में शामिल छात्रों की पहचान करने में जुटी है। फिलहाल विवाद की असली वजह साफ नहीं हो सकी है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वे अपने स्तर पर भी मामले की जांच कर रहे हैं, और दोषी छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# 215 प्रत्याशियों के भाग्य के लिए आज होगा मतदान

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद क्षेत्र के 60 वार्डों के लिए बुधवार को मतदान होगा। रिटर्निंग अधिकारी एडीएम संतोष कुमार ने बताया कि नगरपरिषद क्षेत्र में कुल 89 मतदान बूथ बनाए गए हैं, जिन पर मतदाता सुबह से शाम तक मतदान करेंगे। 9 बूथों को संवेदनशील बूथों की श्रेणी में रखा गया है, जिन पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। पहले बूथो की संख्या 85 थी, लेकिन 14 सौ मतदाताओं से अधिक वाले बूथों को मध्यनजर रखते हुए 4 बूथ बढ़ा दिए गए हैं। शहर की सरकार चुनने के लिए कुल 81814 मतदाता हैं, जिनमें से पुरूष 41936, महिलाएं महिलाएं 39,877, 1 थर्ड जेंडर है। 60 वार्डों में कुल 215 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

# 6 हजार टन कचरा साफ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसून के बाद नगर निगम जयपुर की ओर से स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर के संकल्प के साथ 25 अगस्त से 8 सितंबर तक सात चरणों में महास्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में हर वार्ड, गली और मोहल्ले तक निगम की टीमें पहुंचीं। प्रत्येक चरण में 2500 से अधिक स्वच्छता योद्धाओं ने मोर्चा संभाला। अभियान के दौरान करीब 6 हजार टन कचरा व मलबा हटाया गया, जबकि 500 खुले कचरा डिपो और 50 से अधिक खाली भूखंड कचरा मुक्त किए गए। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा की पहल पर चलाए गए अभियान में निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ आधुनिक मशीनरी और संसाधनों का उपयोग किया गया। लंबे समय से कचरा जमा होने वाले खाली भूखंडों, सड़क किनारे, गलियों, खुले कचरा डिपो और जलभराव वाले स्थानों पर विशेष सफाई करवाई गई। बड़े कचरा डिपो हटाने के लिए जेसीबी, डंपर और लोडर सहित पांच दर्जन से अधिक मशीनरी व संसाधन लगाए गए। इनमें 16 जेसीबीए 21 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 22 डंपर-लोडर, 4 लीटर पिकर, 4 फॉगिंग मशीन, 4 लेवलर, 15 हूपर, एक रोड स्वीपर और 3 जटायु शामिल रहे। निगम की टीमें रोजाना सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहीं। अधिकारियों ने मौके पर सफाई कार्य की निगरानी की। जलभराव वाले स्थानों पर भी सफाई और जल निकासी की व्यवस्था करवाई गई। अभियान के दौरान सफाई के साथ नागरिकों को खुले में कचरा नहीं डालने और घर-घर कचरा संग्रहण के लिए आने वाले हूपर में ही कचरा देने के लिए जागरूक



किया गया। आयुक्त ओम कसेरा ने कहा कि स्वच्छ जयपुर का सपना निगम के प्रयासों के साथ नागरिकों की भागीदारी से ही साकार होगा। महास्वच्छता अभियान के साथ अनधिकृत होर्डिंग, बैनर और पोस्टर हटाने की कार्रवाई भी की गई। आचार संहिता की पालना के तहत अब तक 8700 बड़े होर्डिंग-बैनर, 15,900 पोस्टर-बैनर और 90 गेंट्री हटाई जा चुकी हैं।

# बाबोसा रा लाडला संघ के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा से रामदेवरा पैदल यात्री संघ बाबोसा रा लाडला संघ की 17वीं पैदल यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार को मरोठी चौक स्थित संघ के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन नारायण झंवर, आसकरण भट्टड़, निर्मल भूरा एवं द्वारा किया गया। संघ के अध्यक्ष पप्पूराम बिश्नोई ने बताया कि संघ द्वारा इस वर्ष 17वीं पैदल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पैदल यात्रा 15 सितंबर 2026 को नोखा से रामदेवरा के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा को लेकर संघ के कार्यकर्ताओं को विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। संघ के कोषाध्यक्ष नारायण राठी एवं उपाध्यक्ष सीताराम राठी ने बताया कि पैदल यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 8 सितंबर से प्रारंभ हो गई है, जो 15 सितंबर तक चलेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से समय पर अपना पंजीकरण करवाने का आह्वान किया। संघ संचालक श्याम सुंदर उपाध्याय एवं पूर्व अध्यक्ष गणपतराम खदाव ने बताया कि कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर बाबा रामदेव जी के मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। इस दौरान भव्य ज्योत एवं आरती का आयोजन हुआए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा बाबा रामदेव जी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

### 12 सितंबर को होगा भव्य जागरण

संघ के पूर्व अध्यक्ष लालचंद गोयल एवं सुभाष पंवार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संघ की ओर से 12 सितंबर को मरोठी चौक में भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र अजमेरा एंड पार्टी सहित अन्य कलाकार बाबा रामदेव के भजनों की भव्य प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में धनराज गोलछा, गणपत सोनी, देवकिशन चांडक, राजू आंचलिया, अमित पंवार, गोपाल नाई, सुनील, कन्हैयालाल गोयल, मालचंद, जीवराज, मांगीलाल, कालू नाई, अनिल, राजेश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बाबा भरतराम के अवतरण दिवस पर जागरण आज

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** 10 सितंबर को बाबा भरतराम का अवतरण दिवस मनाया जाएगा। मंदिर समिति के कैलाश चाचाण ने बताया कि इस अवसर पर 9 सितंबर को रात्रि 8 बजे मंदिर में भव्य जागरण होगा जिसमें बाहरी व स्थानीय गायक कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। 10 सितंबर को सुबह 9 बजे कब में बाबा भरतराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा सुबह 11 बजे मंदिर में महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# करमतारा इंजीनियरिंग का सार्वजनिक निर्गम आज से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** करमतारा इंजीनियरिंग लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार, 9 सितंबर को खुलेगा और शुक्रवार, 11 सितंबर को बंद होगा। बड़े निवेशकों के लिए शेयरों की बोली मंगलवार, 8 सितंबर को होगी। कंपनी ने प्रति शेयर मूल्य 241 से 254 रूपये तय किया है। निवेशक न्यूनतम 59 शेयर और इसके बाद 59 शेयरों के गुणक में बोली लगा सकेंगे। कुल निर्गम में 3 करोड़ 63 लाख 7 हजार 52 शेयर शामिल हैं, जिनकी अधिकतम कीमत 875 करोड़ रुपए है। इसमें 675 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 200 करोड़ रुपए तक के शेयर मौजूदा शेयरधारकों द्वारा बिक्री किए जाएंगे। बिक्री में तनवीर सिंह और राजीव सिंह प्रत्येक 100 करोड़ रुपए तक के शेयर बेचेंगे। कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम से पहले 75 करोड़ रुपए के अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय अधिमान शेयरों का निवेश भी पूरा किया है। इससे प्राप्त राशि को नए शेयर जारी करने से जुटाई जाने वाली राशि में नियमानुसार समायोजित किया गया है। निर्गम के शेयर बंबई शेयर बाजार और राष्ट्रीय शेयर बाजार पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। राष्ट्रीय शेयर बाजार को इसके लिए निर्धारित शेयर बाजार बनाया गया है। निर्गम में कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा गैर-संस्थागत निवेशकों और कम से कम 35 प्रतिशत हिस्सा छोटे व्यक्तिगत निवेशकों के लिए उपलब्ध रहेगा।

# नगरीय निकाय चुनाव : 565 बूथों के लिए मतदान दल रवाना

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के मतदान के लिए मंगलवार को श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सीकर रोड से मतदान दलों को उनके संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। प्रथम चरण में जयपुर जिले की 18 नगरीय निकायों के 565 मतदान केन्द्रों पर बुधवार, 9 सितंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। रवानगी स्थल पर मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री, प्रशिक्षण और वाहनों की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी म्यूनिसिपल संदेश नायक ने मतदान कार्मिकों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर भवन का निरीक्षण करने और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार मतदान केन्द्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैलेट इकाई को मतदान कक्ष में उचित स्थान पर रखने, नियंत्रण इकाई से जुड़ी केबल की सुरक्षित व्यवस्था करने तथा मतदाताओं के लिए प्रवेश और निकास की अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रथम चरण में नगर परिषद शाहपुरा और चौमूं के साथ 16 नगरपालिकाओं-मनोहरपुर, फुलेरा, सांभर, जोबनेर, खेजरोली, जमवारामगढ़, नारायणा, किशनगढ़-रेनवाल, बगरू, कालाडेरा, दूदू, चाकसू, फागी, वाटिका, कानोता और बस्सी के मतदान दल रवाना हुए। दलों को अलग-अलग पारियों में बुलाकर निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराई गई और इसके बाद संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, द्वितीय युगांतर शर्मा, तृतीय देवयानी और चतुर्थ आशीष कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।



### आचार संहिता की पालना के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने मतदान दिवस पर राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बिना दबाव और बाधा के मतदान का अवसर मिलना चाहिए। राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों का सहयोग करने और अधिकृत कार्यकर्ताओं को पहचान-पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाताओं को दी जाने वाली पहचान पर्चियां सादे सफेद कागज पर होंगी और उन पर किसी दलए अभ्यर्थी या चुनाव चिह्न का उल्लेख नहीं किया जा सकेगा। मतदान दिवस और उससे पहले के 48 घंटे में शराब का वितरण या पेशकश प्रतिबंधित रहेगी। मतदान केन्द्रों के पास लगाए गए कैम्पों पर अनावश्यक भीड़ नहीं जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में चुनावी कैम्प नहीं लगाया जा सकेगा, जबकि केन्द्र और उसकी 100 मीटर की परिधि में मतयाचना पर रोक रहेगी। वाहनों के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार परमिट लेना और उसे वाहन पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। अधिकृत वाहनों में अभ्यर्थी, उनके परिवारजन और निर्वाचन एजेंट तथा उनके परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य मतदाताओं को ले जाने पर रोक रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रतिद्वंद्वी दलों या अभ्यर्थियों के पुतले लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक रूप से जलाने या ऐसे प्रदर्शन का समर्थन करने से भी बचने को कहा है। साथ ही कार्यकर्ताओं को अपने परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने से रोकने तथा किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर मतदान करने के प्रयास से बचने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी दलों और अभ्यर्थियों से निर्वाचन प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखते हुए आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण : मदन राठौड़

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के अवसर पर प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मतदान अधिकार के साथ लोकतंत्र के प्रति



जिम्मेदारी भी है, इसलिए मतदाता बिना किसी दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। राठौड़ ने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और बेहतर भविष्य के लिए मतदाता सोच-समझकर सही प्रत्याशी का चयन करें। उन्होंने कहा कि पहले मतदान, फिर कोई दूसरा काम की भावना के साथ प्रत्येक मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचे। राठौड़ ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सबका साथ, सबका विकास और सबका कल्याण की नीति पर कार्य करने वाले प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रथम चरण में राजस्थान की जनता बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएगी।

# वाल्मीकि रामायण के 42वें दिन प्रदोष काल में भगवान शंकर की विशेष पूजा

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** यहाँ लोहाटी चौक हनुमान मंदिर के समीप अयोध्या धाम में चातुर्मास सत्संग समिति नोखा की ओर से 29 जुलाई से चातुर्मास परम पूज्य दंडी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज के श्री मुख से श्री वाल्मीकि रामायण में मंगलवार 8 सितम्बर को 42वें दिन युद्ध कांड को आगे बढ़ाते हुए सुग्रीव बिना किसी से पूछे रावण को समझाने और सीता को वापस लौटाने हेतु लंका गए और रावण का मानने का तो कोई सोच ही नहीं सकते। जब सुग्रीव सुरक्षित वापस लौट आते हैं, तब भगवान राम उन्हें कहते हैं कि आपने यह दुस्साहस किया है, आपको कुछ हो जाता तो। भविष्य में ऐसा दुस्साहस ना करें। भगवान राम अपने सभी को कहते हैं, कि अब शुभ मुहूर्त में लंका पर आक्रमण कर देना चाहिए। सभी द्वारों पर युद्ध की तैयारियों के लिए मुख्य-मुख्य योद्धाओं को तैनात कर दिया।



फिर भी भगवान राम ने रावण को एक मौका और देते हुए अंगद को रावण के पास भेजा तो अंगद ने रावण से कहा कि सीता को लेकर भगवान राम की शरण में चले जाओ और अपने प्राण बचा लो। लेकिन रावण क्रोधित होते हुए अपने राक्षसों को कहते हैं, इसे पकड़ो और मार दो, लेकिन रावण द्वारा भेजे गए 4 राक्षसों को अंगद ने आकाश में पहुँचा दिया। सारी लंका को वानरों ने घेर लिया। जब रावण को पता चला तो उसने अपनी सुरक्षा को दो गुना बढ़ा दिया और युद्ध प्रारंभ हो गया। ?मंगलवार को कथा को करीब 40 मिनट पहले सम्पन्न करते हुए प्रदोष काल में करीब ढाई घंटे तक भगवान शंकर की विधिविधान से विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक दंडी स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के सानिध्य में हुआ। समिति के इन्द्रचन्द मोदी द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया कि दामोदर तिवाड़ी, प्रहलाद मोहता, नारायण राठी, पवन चांडक, रमेश मालानी, जुगल लोहिया, गिरधारी पारीक आदि व्यवस्था सम्भाल रहे हैं।

# 7 वर्षीय बच्ची के अपहरण की सूचना से मचा हड़कंप

## सांडवा पुलिस ने डेढ़ घंटे में आरोपी को दबोचा



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर सांडवा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 7 वर्षीय नाबालिग बच्ची के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई की। बच्ची के अपहरण की सूचना मिलने के महज करीब डेढ़ घंटे के भीतर पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को बाइक सहित राउंडअप कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना परिसर में ग्रामीणों की भारी भीड़ भी जमा हो गई।

### 6:10 बजे बच्ची के अपहरण की सूचना, 9:30 बजे आरोपी राउंडअप

पुलिस के अनुसार शाम करीब 6:10 बजे 7 वर्षीय बच्ची के अपहरण की घटना हुई। इसके बाद करीब 7:50 बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सांडवा थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की और चार पुलिस टीमें गठित कर बच्ची और आरोपी की तलाश शुरू की। थानाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों और सीएलजी सदस्यों के सहयोग के साथ तकनीकी एवं जमीनी सूचनाओं के आधार पर तलाश तेज की। करीब 9:30 बजे पुलिस टीम ने सांडवा गांव के उडवाला सड़क मार्ग पर आरोपी को बाइक सहित राउंडअप कर लिया और बच्ची को सकुशल दस्तयाब कर लिया। अपहरण की सूचना मिलते ही थाने में जुटी ग्रामीणों की भीड़ बच्ची के अपहरण की सूचना क्षेत्र में फैलते ही ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना परिसर पहुंच गए। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के बाद बच्ची के सकुशल मिलने पर राहत की स्थिति बनी। पुलिस ने बताया कि मामले में पॉक्सो एक्ट, अपहरण और छेड़छाड़ से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

नाबालिग की माता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में पुलिस द्वारा प्राथमिकता के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190